सुविचार
तुम अपने मिनटों का ध्यान रखो, घंटे अपनी परवाह खुद कर लेंगे।
अर्ल ऑफ चेस्टरफील्ड

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

वर्ष 2 ■ अंक 288 ■ जबलपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965

### अमृतसर से भोपाल आई टीम, 2 ठिकानों पर सर्चिंग; कंपनी के पास मेट्रो समेत कई बड़े प्रोजेक्ट

# दिलीप बिल्डकॉन पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड


दिलीप सूर्यवंशी

**भोपाल। आयकर विभाग ने सोमवार सुबह दिलीप बिल्डकॉन (DBL) और उससे जुड़े सहयोगियों के ठिकानों पर रेड मारी है। अमृतसर से आई इनकम टैक्स टीम भोपाल में दो जगहों पर दस्तावेज खंगाल रही है। दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के चूनाभट्टी स्थित दफ्तर पर भी सर्चिंग की जा रही है। पंजाब के चंडीगढ़ रीजन के आयकर विभाग की डीजी इन्वेस्टिगेशन बत्सला झा ने दैनिक भास्कर से बातचीत में दिलीप बिल्डकॉन के भोपाल में दो ठिकानों में छापे की पुष्टि की है। अमृतसर की आईटी टीम ने एमपी एसएएफ की मदद ली है। लोकल पुलिस या केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बुलाया है। अमृतसर से आई टीम ने इस छापेमारी में भोपाल के विभागीय अफसरों को साथ नहीं लिया है। सोमवार सुबह से चल रही इस कार्रवाई की जानकारी मीडिया में आने के बाद स्थानीय अफसरों के संज्ञान में आई है।**

### कंपनी के पास भोपाल मेट्रो समेत कई बड़े प्रोजेक्ट

भोपाल मेट्रो रेल का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के पास है। कंपनी को हाल ही में केरल में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके अलावा गुरुग्राम मेट्रो का काम दिलीप बिल्डकॉन और रंजीत बिल्डकॉन को 1,503.63 करोड़ में मिला है, जिसमें मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी के कॉरिडोर में वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण शामिल है।

### 100 मेगावॉट का सोलर पावर का ठेका मिला

डीबीएल को मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित (एमपीजेएनएम) से स्वीकृति पत्र (एलओए) मिला है। यह कैप्टिव मोड के तहत 100 मेगावाट की ग्रिड-कनेक्टेड ग्राउंड-माउंटेड सौर फोटोवोल्टिक परियोजना के विकास के लिए है। दिलीप बिल्डकॉन के कार्यक्षेत्र में सौर परियोजना की डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग शामिल है। इसमें 25 वर्षों तक संचालन और रखरखाव सेवाएं प्रदान करना भी शामिल है। चालू होने के बाद, यह परियोजना 25 वर्षों तक एमपीजेएनएम को 2.09 रुपए प्रति किलोवाट घंटे की दर से बिजली की आपूर्ति करेगी। प्रोजेक्ट का काम मंदसौर जिले के रामनगर और धनवाडा गांवों में होगा।

### ऐसे बनाई कंपनी और लिया काम

दिलीप बिल्डकॉन का कंस्ट्रक्शन का काम है। यह कंपनी देशभर में हाईवे और रेल प्रोजेक्ट से जुड़े ठेके लेती है। दिलीप सूर्यवंशी ने 1988 में दिलीप बिल्डकॉन के नाम से कंपनी बनाई। पहले तो उन्होंने छोटे रिहायशी प्रोजेक्ट, सरकारी इमारतों और पेट्रोल पंपों का निर्माण किया। इसके बाद 1995 में 21 वर्षीय इंजीनियर देवेंद्र जैन को काम पर रखा। जैन अब उनकी कंपनी में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। 2000 के दशक की शुरूआत में ठऊअ सरकार ने सड़क निर्माण के टेंडर निकालने शुरू किए। तब उन्होंने तय किया कि उनकी कंपनी सड़क निर्माण भी करेगी।

### एमपी समेत 17 से ज्यादा राज्यों में फैला काम

कंपनी एमपी समेत देश के 17 से अधिक राज्यों में काम कर रही है। इनमें केरल, राजस्थान, हरियाणा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य भी शामिल हैं। दिलीप बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट सड़क, रेलवे, सुरंग, औद्योगिक गलियारा, मेट्रो रेल और शहरी विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैले हुए हैं। कंपनी में 17 हजार से ज्यादा कर्मचारी काम करते हैं।

### 1993 में पहला बड़ा प्रोजेक्ट मिला था

दिलीप बिल्डकॉन कंपनी को 1993-94 में पहला बड़ा प्रोजेक्ट मिला था। यह चार करोड़ रुपए का था। इसके बाद कंपनी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर 20 करोड़ और 80 करोड़ के प्रोजेक्ट किए। 2007 के पहले 120 करोड़ रुपए तक के बड़े प्रोजेक्ट किए। 2007 से 2010 के बीच कंपनी को सबसे बड़ा जंप मिला। दिलीप बिल्डकॉन को अहमदाबाद-गोधरा का एक हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट मिला।

### मध्य प्रदेश में दूसरे सबसे अमीर शख्स

हाल ही में जारी हुई हुरुन रिच लिस्ट में एमपी के 13 कारोबारियों में दिलीप सूर्यवंशी का नाम दूसरे नंबर पर है। दिलीप बिल्डकॉन के मालिक दिलीप सूर्यवंशी की संपत्ति 4430 करोड़ रुपए आंकी गई थी। सूर्यवंशी की संपत्ति में 630 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। सूर्यवंशी 10 पायदान ऊपर चढ़े हैं।

### सीबीआई ने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को घूस देते पकड़ा था

सीबीआई की दिल्ली की टीम ने करीब चार साल पहले दिलीप बिल्डकॉन के साउथ इंडिया में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठऌअक) के एक अफसर को 20 लाख रुपए की रिश्वत देते हुए पकड़ा था। इसके बाद रात करीब 9 बजे दिलीप बिल्डकॉन के ऑफिस और घर पर छापा मारा था। चूनाभट्टी स्थित ऑफिस पर 12 से 15 और कंपनी के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के अरेरा कॉलोनी स्थित घर पर छह से सात अफसरों की टीम ने जांच की थी। कंपनी के पार्टनर समेत तीन लोगों से पूछताछ की थी। तब टीम ने कंपनी के भोपाल सहित नई दिल्ली, बेंगलुरु, कोच्चि, गुड़गांव आदि जगह भी छापे मारे थे। कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंटेंट के कम्प्यूटर भी जब्त किए थे। इसके अलावा उनके मुख्य सीए मयंक का कम्प्यूटर भी जब्त किया था।

### कटनी में भी 4 पुलिसकर्मियों पर बड़ा एक्शन

## सिवनी हवाला कांड के बाद मचा हड़कंप कंट्रोल रूम में डटे आईजी-डीईजी



**भोपाल।** सिवनी में जबलपुर एएसपी आयुष गुप्ता 10 अक्टूबर से जबलपुर आइजी के निर्देशन में प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने में लगे हैं। वहीं 13 अक्टूबर की सुबह सिवनी पुलिस कंट्रोल में जबलपुर आइजी प्रमोद वर्मा, छिंदवाड़ा डीईजी राकेश कुमार सिंह भी पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार पुलिस कप्तान, एएसपी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में प्रकरण पर जांच चल रही है। कटनी में चार पुलिसकर्मियों को आईजी जबलपुर ने कटनी जिले से बाहर कर दिया है। रविन्द्र दुबे, राजेन्द्र उइके, शिव पटेल और प्रशांत विश्वकर्मा को छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी और नरसिंहपुर ट्रांसफर किया गया है। इनके सट्टा और हवाला कारोबार से जुड़े होने की चर्चा है। यह कार्रवाई सिवनी हवालाकांड के बाद हुई है, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप है।

### पुलिस ने दो शातिरों को किया गिरफ्तार

## ऑनलाइन नौकरी का झांसा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की बाहरी उत्तरी जिला साइबर टीम ने ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद अकबर और रूपेंद्र कुमार के रूप में हुई है दोनों दिल्ली के निवासी हैं। आरोपी नकली वेबसाइट और फर्जी जॉब कंसल्टेंट बनकर लोगों से पैसे ऐंठते थे। पुलिस उपायुक्त बाहरी उत्तरी हरेश्वर स्वामी ने सोमवार को बताया कि रोहिणी सेक्टर-28 निवासी शिकायतकर्ता महिला ने बताया था कि उन्हें एक व्यक्ति ने ह्यस्टेप्स 4कैरियरडॉटकॉमह्ण के नाम से नौकरी दिलाने का झांसा दिया और ह्यपैनल एडवोकेटह्ण की पोस्ट के लिए 39,498 विभिन्न शुल्कों के रूप में वसूले लेकिन भुगतान के बाद न तो नौकरी मिली, न पैसा लौटा। शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस निरीक्षक गोविंद सिंह की अगुवाई में सहायक पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार के पर्यवेक्षण में जांच शुरू हुई।

## हमास ने बंधक बनाए सभी 20 जीवित इजरायली नागरिकों को किया रिहा



**नई दिल्ली।** फिलीस्तीन समर्थक संगठन हमास ने सोमवार को इजरायल के सभी 20 जीवित नागरिकों को रिहा कर दिया जिन्हें सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमले के दौरान बंधक बना लिया गया था। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बंधकों के दूसरे और अंतिम समूह को 738 दिनों बाद इजरायल को सौंप दिया गया। इससे बंधकों और उनके परिवारों का लंबा इंतजार खत्म हुआ। यह रिहाई अमरीका द्वारा मध्यस्थता कराये गये युद्धविराम समझौते का हिस्सा थी, जिसमें इजराइल के जेलों में बंद लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल है। इधर नेसेट में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी जीवित लौटे बंधकों की सराहना की। उन्होंने नेसेट की अतिथि पुस्तिका में लिखा कि यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है- यह एक खूबसूरत दिन है, बेहद सम्मान के साथ एक नयी शुरूआत। युद्ध खत्म होने की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा कि यह नयी शुरूआत है और मुझे लगता हैं इस तरह का कोई समारोह पहले नहीं हुआ। ट्रंप के साथ नेसेट में कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए, जिनमें संयुक्त सेना प्रमुख जनरल डैन केन भी शामिल थे। ट्रंप के भाषण से पहले श्री केन ने हॉल में आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर से मुलाकात की। ट्रंप नेसेट के पूर्ण अधिवेशन में भाषण देने वाले चौथे अमरीकी राष्ट्रपति हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि अगर हमास युद्धविराम की मांगें नहीं मानता है तो उसका क्या होगा, तो उन्होंने कहा, वे मानेंगे।

## चांदी एक दिन में 10,825 महंगी, 1.75 लाख पार पहुंची

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत पुष्य नक्षत्र से एक दिन पहले 13 अक्टूबर को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, चांदी की कीमत एक दिन में 10,825 रुपए बढ़कर 1,75,325 रुपए प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। शुक्रवार को ये 1,64,500 रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 2,630 रुपए बढ़कर 1,24,155 रुपए हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,21,525 रुपए पर था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है।

**इस साल सोना 47,993 और चांदी 89,308 महंगी हुई-** इस साल अब तक सोने की कीमत 47,993 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,155 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 89,308 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,75,325 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा। ब्रोकरेज फर्म पीएल कैपिटल के डायरेक्टर संदीप रायचुरा ने कहा कि सोना 1,44,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

### डॉक्यूमेंट्स भी जमा करने की जरूरत नहीं होगी, EPFO ने नियमों को आसान बनाया

## EPF अकाउंट से अब पूरा पैसा निकाल

**नई दिल्ली।** अब EPF अकाउंट से पूरा पैसा निकाला जा सकेगा। एम्पलॉई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने सोमवार (13 अक्टूबर) को हुई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की मीटिंग में इसका ऐलान किया। सेंट्रल लेबर मिनिस्टर मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कई राहत भरे फैसले लिए गए। इन फैसलों से नौकरीपेशा लोगों को अपने EPF से पैसा निकालना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा।

**EPFO की मीटिंग में लिए गए बड़े फैसले...**

**1. अब 100% निकासी की सुविधा-** EPFO ने पुराने 13 कठिन नियमों को खत्म कर अब केवल तीन कैटेगरी में पार्शियल विड्रॉल के नियम बनाए हैं। जिसमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), हाउसिंग जरूरतें (मकान से जुड़े खर्चे) और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं। अब सदस्य अपने PF खाते में मौजूद पूरी राशि (कर्मचारी और नियोक्ता दोनों हिस्सों समेत) निकाल सकेंगे। पहले शिक्षा और शादी के लिए केवल 3 बार निकासी की अनुमति थी, लेकिन अब शिक्षा के लिए 10 बार और शादी के लिए 5 बार निकासी की जा सकती है। इसके अलावा, मिनिमम सर्विस पीरियड यानी न्यूनतम सेवा अवधि को भी घटाकर 12 महीने कर दिया गया है, जो पहले अलग-अलग जरूरतों के लिए अलग थी।

**2. बिना कारण बताए निकासी-** पहले विशेष परिस्थितियों (जैसे प्राकृतिक आपदा, बेरोजगारी, महामारी) में निकासी के लिए कारण बताना पड़ता था, जिसके चलते कई बार क्लेम खारिज हो जाते थे। अब इस झंझट से छुटकारा मिल गया है। सदस्यों को विशेष परिस्थितियों में बिना कोई कारण बताए निकासी की सुविधा मिलेगी।

**3. 25% मिनिमम बैलेंस जरूरी-** EPFO ने यह भी सुनिश्चित किया है कि सदस्यों के खाते में हमेशा 25% राशि मिनिमम बैलेंस के तौर पर रहे। इससे सदस्यों को 8.25% की ब्याज दर और चक्रवृद्धि ब्याज यानी कंपाउंड इंटरेस्ट का फायदा मिलता रहेगा, जिससे रिटायरमेंट के लिए अच्छा-खासा फंड तैयार हो सकेगा।

**4. ऑटो सेटलमेंट प्रोसेस आसान-** नए नियमों के तहत कोई दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी। निकासी की प्रोसेस को पूरी तरह ऑटोमैटिक करने की तैयारी है, जिससे क्लेम्स का निपटारा तेजी से होगा। साथ ही समय से पहले फाइनल सेटलमेंट की अवधि को 2 महीने से बढ़ाकर 12 महीने और पेंशन निकासी की अवधि को 2 महीने से 36 महीने कर दिया गया है। इससे सदस्य अपनी जरूरतों के लिए पैसा निकाल सकेंगे, वो भी अपने रिटायरमेंट फंड का यूज किए बिना।

**5. विश्वास योजना: जुमार्ने में राहत-** EPFO ने पेंडिंग केसेस और जुमार्ने को कम करने के लिए 'विश्वास योजना' शुरू की है। मई 2025 तक 2,406 करोड़ रुपए के जुमार्ने और 6,000 से ज्यादा मुकदमे पेंडिंग हैं। इस योजना के तहत अब देरी से PF जमा करने पर जुमार्ने की दर को कम कर 1% प्रति माह कर दिया गया है। 2 महीने तक की देरी पर 0.25% और 4 महीने तक की देरी पर 0.50% का जुमार्ना लगेगा। यह योजना 6 महीने तक चलेगी और जरूरत पड़ने पर इसे 6 महीने और बढ़ाया जा सकता है।

## अवमानना प्रकरणों में जवाब नहीं देने पर सरकार सख्त

**भोपाल।** कोर्ट में लंबित अवमानना प्रकरणों में समय पर जवाब पेश न कर पाने पर राज्य सरकार ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब किया है। मंत्रालय ने पूछा है कि आखिर किन कारणों से अदालतों में समय पर जवाब नहीं दिया जा रहा। सरकार ने चेतावनी दी है कि रिपोर्ट समय पर नहीं आने या जवाब में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने विभाग के 12 मुख्य अभियंताओं को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे सभी पेंडिंग अवमानना मामलों की विस्तृत रिपोर्ट तय प्रारूप में जल्द भेजें। प्रत्येक प्रकरण में देरी की ठोस वजह भी बताना होगी। इसके साथ ही जिन कर्मचारियों से अवैध भुगतान के मामलों में वसूली की जानी है, उनकी पूरी जानकारी अब संबंधित जिलों में पदस्थ अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि उच्चतम न्यायालय में लंबित जमीन अधिग्रहण और अवमानना प्रकरणों की पूरी स्थिति भी तत्काल भेजी जाए, ताकि आगामी सुनवाई में विभाग की ओर से प्रभावी जवाब पेश किया जा सके। मुख्य अभियंता चंबल बेतवा कछार भोपाल, विद्युत और यांत्रिकी भोपाल, गंगा कछार रीवा, यमुना कछार ग्वालियर, बेनगंगा कछार सिवनी, नर्मदा ताप्ती कछार इंदौर, जल संसाधन विभाग उज्जैन, जल संसाधन विभाग नर्मदापुरम, राजघाट नहर परियोजना दतिया, बोधी भोपाल, धसान केन कछार सागर, बांध सुरक्षा जल संसाधन विभाग भोपाल को पत्र लिखकर कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे प्रकरणों के मामले में फार्मेट में जानकारी दी जाए।




### मेरी इनकम बंद, अब फिर से फिल्में करूंगा, राज्यसभा सांसद सदानंदन को मंत्री बनाएं

## केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी बोले- इस्तीफा देना चाहता हूं



**कुन्नूर।** केंद्रीय मंत्री और केरल के त्रिशूर से भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई है। उन्होंने रविवार को कन्नूर में एक कार्यक्रम में कहा, 'मैं अपना एक्टिंग करियर दोबारा शुरू करना चाहता हूं, मुझे ज्यादा इनकम की जरूरत है, मंत्री बनने के बाद मेरी कमाई पूरी तरह से रुक गई है।' गोपी ने कहा कि मैंने कभी मंत्री बनने की प्रार्थना नहीं की, चुनावों से एक दिन पहले भी मैंने पत्रकारों से कहा था कि मैं मंत्री नहीं बनना चाहता, मैं अपने सिनेमा में बना रहना चाहता हूं। मेरी जगह राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर को केंद्रीय मंत्री बनाया जाए। गोपी ने कहा- केरल से पहला भाजपा सांसद होने के कारण पार्टी ने मुझे मंत्री बनाने का फैसला लिया। गोपी वर्तमान में केंद्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सुरेश गोपी केरल के चुने भाजपा के इकलौते सांसद हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में उढक के वीएस सुनीलकुमार को 74 हजार वोटों से हराया था। उन्होंने पहली बार ही चुनाव लड़ा था। गोपी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर हैं।

### गोपी बोले- क्षेत्र की जनता को प्रजा कहना गलत नहीं

गोपी ने त्रिशूर की जनता को 'प्रजा' कहने पर हुए विवाद पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा- पहले सफाई कर्मचारियों को 'कचड़ा उठाने वाला' कहा जाता था, लेकिन अब 'सेनिटेशन इंजीनियर्स' कहा जाता है, उसी तरह मेरे विरोधियों ने 'प्रजा' और 'प्रजातंत्र' शब्दों का गलत मतलब निकाला और प्रचार किया। क्या प्रजा शब्द का इस्तेमाल करना गलत है? **2019 लोकसभा, 2021 विधानसभा चुनाव हारे; 2024 में जीते-** साल 2019 में सुरेश गोपी त्रिशूर से लोकसभा चुनाव हार गए थे। उन्हें 2021 के विधानसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा था। चुनाव में गोपी को पहली जीत 2024 लोकसभा चुनाव में मिली थी। उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार सुनील कुमार को 74 हजार वोटों से हराया था। कांग्रेस के सीनियर नेता और सांसद मुरलीधरन इस सीट से तीसरे नंबर पर रहे।

### सुरेश गोपी ने 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया

सुरेश ने 1965 में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी की करीब 250 फिल्मों में काम किया है। 1992 से 1995 तक उन्हें सुपरस्टार का टैग मिला था। 1998 में उन्हें नेशनल फिल्म अवॉर्ड और केरल राज्य अवॉर्ड मिला था। वे इखढ के राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। सुरेश गोपी विवादों से भी चर्चा में आए हैं। महिला पत्रकार से दुर्व्यवहार करने के मामले में सुरेश गोपी का नाम सामने आया था। इस मामले से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हुआ था। 12 जून 2024 को सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया बताया था। साथ ही केरल के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कांग्रेस के के. करुणाकरण और लेफ्ट के ईके नयनार को अपना राजनीतिक गुरु कहा था।

मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

# बस स्टैंड में लगे वाटर कूलर बिना पानी के बढ़ा रहे है शोभा






**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिले के विकास खंड नारायणगंज में एक प्रमुख स्थान बस स्टैंड पर लगे वाटर कूलर लंबे समय से खराब पड़ा हैं। राहगीर, दुकानदार और यात्री प्यास बुझाने के लिए जब यहां पहुंचते हैं तो सूखी टोटी देख मायूस होकर लौट जाते हैं। बाजार, टैक्सी आटो बस स्टैंड होने से यहां रोजाना भारी भीड़ रहती है।** लोगों के लिए लगा वाटर कूलर ही प्यास बुझाने का सहारा था, लेकिन वह भी कई दिनों से खराब पड़ा है। इसी तरह बाजार में लगा वाटर कूलर भी बंद है।,शिकायत की गई, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं कराई गई। बस स्टैंड में रोजाना हजारों की संख्या में व्यापारी और ग्राहक पहुंचते हैं। उन्हें पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। दुकानदारों ने जल्द से जल्द वाटर कूलर ठीक कराए जाने की मांग की है बता दें यह वाटर कूलर सरपंच पंडरिया और उपाध्यक्ष जनपद द्वारा लगवाया गया था जो कि आज तक साफ नहीं करवाया गया ना ही मरम्मत कार्य किया गया।

## काम्प्लेक्स की टंकी में लग गई काई, नहीं होती देख रेख

काम्प्लेक्स में रखी टंकी में काई जम चुकी है जो जिसका पानी पीने योग्य भी नहीं बचा परंतु जनपद पंचायत द्वारा इसकी साफ सफाई समय-समय पर नहीं कराई जाती जिसके कारण लोगों का गंदा पानी पीने से बीमार पड़ने का डर भी बना हुआ है एवं इस वाटर कूलर में आरो फिल्टर भी नहीं लगाया गया है जिसके कारण दूषित पानी लोगों को मिल रहा है एवं वाटर कूलर की टोटियां भी टूट चुकी है परंतु जनपद और ग्राम पंचायत दोनों ही इसकी सुध नहीं ले रही है।






# RSS का विजयादशमी उत्सव, निकला पथ संचलन

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंडला नगर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन सोमवार शाम को अष्टविनायक लॉन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक शस्त्र पूजन से हुआ। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचारक प्रेमशंकर सिदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने शस्त्र पूजन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।**

अपने उद्बोधन में सिदार ने कहा कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय से पूर्व शक्ति की आराधना की थी, उसी तरह समाज को भी अपनी शक्ति का संवर्धन करना चाहिए। उन्होंने भारत को हिन्दू भूमि और मातृभूमि बताते हुए कहा कि इसकी पूजा की परंपरा केवल यहीं मिलती है। सिदार ने जोर देकर कहा कि हिन्दू समाज यदि संगठित होगा, तो देश पुनः अपनी खोई प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा। सिदार ने आगे कहा कि जिस राष्ट्र में लोकशक्ति और सज्जनशक्ति जागृत होती है, वही सशक्त और आत्मनिर्भर बनता है। उन्होंने इस शक्ति को दीनदयाल उपाध्याय द्वारा 'चिति' और स्वामी विवेकानंद द्वारा 'धर्म' कहे जाने का उल्लेख किया। उनके अनुसार, इस शक्ति के जागृत होने पर समाज अपनी कमियों को स्वयं दूर करता है। संघ के इतिहास का जिक्र

### प्रेमशंकर सिदार बोले- हिंदू समाज संगठित होगा तो देश सशक्त बनेगा

करते हुए श्री सिदार ने बताया कि देश विभाजन के समय स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ सेवा की थी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संघ पर प्रतिबंध के दौरान 73,000 स्वयंसेवक जेल गए, लेकिन संघ ने राष्ट्रकार्य से कभी मुंह नहीं मोड़ा। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को समरसता और संगठन का प्रतीक बताया। सिदार ने कहा कि शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज की सज्जन शक्ति को राष्ट्रनिर्माण में लगाने का समय है। उन्होंने संयुक्त परिवार, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने और कानून पालन को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने अपने संबोधन का समापन करते हुए कहा, ह्लअनुशासन में ही समाज की प्रगति निहित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किशोर काल्पिवार, जिला संघचालक और नगर संघचालक भी उपस्थित थे। उद्बोधन के पश्चात, गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासित पथ संचलन निकाला। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के जयघोष से गूंज उठा।

# किरार क्षत्री समाज की नवीन कार्यकारिणी घोषित



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** सोमवार को नैनपुर में किरार क्षत्री समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले भर के 22 गांवों के सामाजिक लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जिसमें सर्व सहमति से किरार क्षत्री समाज के जिला अध्यक्ष पद में दिमाग सिंह पटैल को नियुक्त किया गया है। इसी के साथ उपाध्यक्ष पद में समाजसेवी राजेश पटैल मंडला, गोविन्द चौधरी निवारी, सुरेश ठाकुर समनापुर, बैजनाथ ठाकुर नैनपुर, भूवन पटैल धतूरा नियुक्त किए गए हैं वहीं महामंत्री पद में मनोज कुमार ठाकुर निवारी, निरंजन ठाकुर अलीपुर, रवि ठाकुर समनापुर चुने गए और सचिव पद में दादुराम ठाकुर धतुरा, रामकुमार ठाकुर निवारी व कोषाध्यक्ष पद में चेलन सिंह ठाकुर चुने गए हैं संगठन मंत्री शिव ठाकुर धतुरा, नर्मदा ठाकुर कालका ठाकुर बनाए गए वहीं सोशल मीडिया प्रभारी के पद में राकेश ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी के पद में राजेन्द्र ठाकुर व दिनेश ठाकुर चुने गए हैं इसी के साथ समाज में संरक्षक के पद में सोहन लाल पटैल निवारी, घनश्याम ठाकुर समनापुर चुने गए हैं और युवा वर्ग किरार क्षत्री समाज के जिला अध्यक्ष पद में नितिन ठाकुर नैनपुर को सर्वसहमति से नियुक्त किया गया है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। यहां पर सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई और आगामी समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया।।

# विधिक जागरुकता शिविर सम्पन्न

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा ग्राम झालपानी, मोहनिया पटपरा, पटपर सिंगारपुर एवं हरदुआ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन, पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती रागिनी हरदहा एवं सरपंच ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।**

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन ने श्रमिकों के विरूद्ध अपराध प्रकोष्ठ योजना, महिला एवं बाल संरक्षण इकाई योजना, नालसा तस्करी और वाणिज्य यौन शोषण पीड़ितों को विधिक सेवाएं योजना, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विधिक सेवाएं योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली एवं मौलिक अधिकारों की विशेषताएँ, मोबाईल फोन के उपयोग एवं उसके दुरूपयोग, निःशुल्क विधिक सहायता का अधिकार, विधिक सहायता एवं सलाह योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को समान रूप से न्याय प्राप्त करने का अधिकार है।

कोई भी व्यक्ति अपनी गरीबी, अशिक्षा या अज्ञानता के कारण न्याय पाने से वंचित न रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना के अर्न्तगत पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे प्रकरण जो कि समझौते माध्यम से निराकृत किये जा सकते हैं, उन सभी मामलों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला आमजनों से उक्त लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निराकृत कर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील करता है। लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी विधिक सहायता टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

# एक्सपायरी दवाइयाँ जब्त, मेडिकल स्टोर सील



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** ग्राम हिरदेनगर स्थित योगेश मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण राजस्व विभाग एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक्सपायरी डेट की दवाइयाँ पाई गईं। प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई करते हुए एक्सपायरी दवाओं को जब्त कर मेडिकल स्टोर को सील किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री रामसिंह उलाड़ी एवं बीएमओ श्री उईके उपस्थित थे।

### मंडला कलेक्टर की सराहनीय पहल

# मिट्टी के निर्मित सजावटी उत्पादों पर कर वसूली नहीं होगी



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निदेर्शानुसार दीपावली पर्व के अवसर पर जिला मण्डला के माटीशिल्पियों द्वारा निर्मित मिट्टी की मूर्तियाँ, खिलौने, दीपक, मटका तथा मिट्टी के निर्मित सजावटी सामान/उत्पादों पर किसी भी प्रकार का कर वसूली या शुल्क नहीं लिया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान निःशुल्क उपलब्ध कराया जावे ताकि जिले के माटीशिल्पियों को प्रोत्साहन मिल सके। आदेश की अवहेलना करते पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### पुलिस का साइबर जागरूकता अभियान — स्कूली बच्चों को दी गई ऑनलाइन सुरक्षा की सीख-

# "जागरूकता ही साइबर सुरक्षा की सबसे बड़ी ढाल"



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव हेतु जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडला में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। थोड़ी सी लापरवाही बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें, यही आपकी सुरक्षा है। उन्होंने छात्रों को ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी स्कैम, फेक लिंक और लॉटरी जैसे लालचों से बचने की सलाह दी और बताया कि साइबर अपराध की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल दर्ज कराई जा सकती है। अभियान के तहत मंडला जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार ऐसे सत्र आयोजित किए जा रहे हैं ताकि आमजन को साइबर अपराधों से बचाया जा सके।

# ई-अटेंडेंस के विरोध में मंडला चलो.. मंडला चलो..मंडला चलो



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** ई-अटेंडेंस के विरोध में कल 14 अक्टूबर को शाम 5 बजे म.प्र. के समस्त जिलों में संयुक्त आह्वान पर जिला स्तरीय ज्ञापन कार्यक्रम तय किया गया हैं, वही जिला अध्यक्ष ने अपने साथियों से ई-अटेंडेंस के विरोध की रणनीति बनाने के लिए विगत 11 व 12 अक्टूबर को लगातार दो दिन तक हमारे अनेक शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों की ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न शिक्षक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सम्लित हुए जिसमें परमानन्द डेहरिया मनोहर दुबे डी.के.सिंगौर नवनीत चतुवेर्दी संतोष सिंह दीक्षित समस्त शिक्षक संगठनों के प्रांतीय व जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी साथी भी सम्लित हुए और सभी के द्वारा संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश के सभी जिलों में ई- अटेंडेंस के विरोध में कल 14 अक्टूबर को जिला स्तर पर समस्त संगठनों के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसलिए ळहळअ व समस्त शिक्षक संगठनों के साथियों से व अन्य विभाग के कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी व समस्त साथियों से अपील है कि कल जिला मुख्यालय मण्डला पहुँच कर ज्ञापन कार्यक्रम को पूर्णतः सफल बनायें और हम शिक्षकों के खिलाफ इस अमानवीय आदेश ई-अटेंडेंस का संयुक्त रूप से विरोध को सफल बनायें। **ई-अटेंडेंस की जीत तभी संभव है,जब प्रत्येक साथी न लगायें-** वही 14 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार समय- शाम 5:00 स्रे जिला मुख्यालयों मध्यप्रदेश को सभी संगठनों के पदाधिकारी व अध्यक्ष संगठन से ऊपर उठकर ज्ञापन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर समर्थन, सहयोग, सहभागिता सुनिश्चित करें। समस्त सम्माननीय साथियों से विनम्र निवेदन है, उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनायें। वही ई-अटेंडेंस का विरोध क्यों- यह अव्यवहारिक है, अमानवीय है, उन शिक्षक साथियों के बारे में सोचो जो दूरस्थ दुर्गम स्थलों में बहुत कठिन संघर्ष के साथ विद्यालय पहुँचते हैं जहाँ सही सड़क नहीं है नदियों में पुल नहीं हैं,जहाँ सही नेटवर्क नहीं है, जिन्हें आये दिन मीटिंग व स्कूल के अन्य कार्यों से जनशिक्षा केंद्र, संकुल, इएड, AC, DEO, DPC, DSM कार्यालय, डाइट, कोषालय, निर्वाचन कार्यालय, बैंक, पोस्ट ऑफिस, अस्पताल व ऐंसे न जाने कितनों जगह में जाना होता है। जब ई अटेंडेंस लागू होगी तो पहले इन स्थितियों को 10.30 बजे स्कूल पहुँचकर ई अटेंडेंस लगाना होगा फिर उक्त जगहों पर जाकर कार्य करना होगा।

# नशामुक्त अभियान महिलाओ ने गांव में शराब के कारोबार का किया विरोध




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** ग्राम मोहनिया टोला में पूर्ण रूप से शराब बंदी को लेकर ग्राम में विशाल रैली निकाली गई इस अभियान में महिलाओं ने एकजुट होकर रैली निकाली जिसमें शराब तथा अन्य मादक पदार्थ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया ग्राम के वार्ड, मोहल्ले में रैली के माध्यम से भ्रमण कर विरोध किया गया ग्राम में हाथ भट्टी और अंग्रेजी शराब का विक्रय किया जाता है और बाहर के लोग भी यहां पर शराब पीने आते थे ग्राम के कुछ महिलाओ का कहना था कि हम मजदूरी करके दाना पानी पैसा कमाकर लाते है उसको भी हमारे घर के शराबी बेचकर शराब पी जाते हैं मना करने पर महिला के साथ मारपीट लडाई झगड़ा करते है ग्रामीण महिलाएं जो वर्षों से नशे के दुष्परिणाम झेलती आई है चाहे वह घरेलू हिंसा हो आर्थिक तंगी या सामाजिक अपमान अब महिलाएं खुद आगे आकर समाज सुधार की दिशा में कदम उठा रहे है अब वे सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध भी संघर्ष कर सकती है जब जनता संगठित होती है तो स्थानीय स्तर पर बड़े बदलाव संभव है युवा पीढ़ी इस शराब की लत से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं विद्यार्थी जीवन से ही शराब पीना चालू कर रहे हैं मारपीट लडाई झगड़ा कर रहे हैं ये सब देखकर ग्राम वासी ज्यादातर महिला का मन में विचार आया और नशामुक्त अभियान के तहत शराब बंद कराने की शुरुआत की गई।ग्राम में सामाजिक नियम बनाये गए।ग्राम में शराब बनाने वाले को पकड़ा गया तो बीस हजार रुपए ) जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई शराब पीकर ग्राम में समाज में देखने पर दस हजार रुपए जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई शराब बनाने वाले शराब पीने वाले की जानकारी देने पर पांच हजार रुपए समाज की तरफ से ईनाम की घोषणा की गई । **नयी सोच के साथ नशामुक्ति के लिए अग्रसर महिलायें-** नशा आज के समय में समाज में बढ़ते अपराधों का कारण भी है क्योंकि ज्यादातर अपराध कहीं न कहीं नशे की हालत में भी किये जाते हैं जो बड़े शहरों में होता था आज वही छोटे छोटे गांव में भी होने लगा है कहीं न कहीं शराब या अन्य मादक पदार्थ जिससे नशे की लत लग जाती है उससे दूरी बहुत जरूरी है क्योंकि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं करता बल्कि उसका असर पूरे परिवार के साथ साथ समाज पर भी पड़ता है जिससे आने वाली पीढ़ी भी उसकी आदि हो रही है जिसके लिए महिलाओ द्वारा एक जागरूक और निर्णायक कदम उठाये जा रहे हैं जिससे समाज नशामुक्त हो सके ।नशा मुक्ति अभियान में उपस्थित ममता नंदा ,अनीता,संध्या, राम प्यारी भारतिया,तुग्गी नंदा छोटी बाई अंजना नंदा रामो भारतिया दीपा मार्को ज्ञानवती सरोते (सरपंच) अन्य ग्राम की महिलाएं की भूमिका सराहनीय भूमिका रही ।

### राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# बच्चों की मौत पर आम आदमी पार्टी का आक्रोश



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। छिंदवाड़ा जिले में हुई 22 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के मामले ने पूरे प्रदेश को हडकम्प है। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी आप मंडला ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।**

पार्टी ने अपने ज्ञापन में आरोप लगाया कि यह घटना शासन और प्रशासन की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। ज्ञापन में कहा गया है कि अब तक केवल डॉक्टर और संबंधित कंपनी के निदेशक पर कार्रवाई कर शासन लीपापोती कर रहा है जबकि इस घटना के पीछे कई बड़े अधिकारी और जिम्मेदार लोग भी शामिल हैं। आम आदमी पार्टी ने मांग की कि छिंदवाड़ा के सीएमओ, सिविल सर्जन, तथा उन अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए जिनकी अनुमति से अमानक दवाइयां पूरे मध्यप्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पहुंचीं। पार्टी ने इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराने मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। इसके साथ ही पार्टी ने मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल इस्तीफा मांग की इतनी बड़ी घटना के बाद भी मंत्री का पद पर बने रहना नैतिक रूप से अनुचित है। मांग है कि मृत बच्चों के परिजनों को प्रति परिवार 50-50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए ताकि उन्हें न्याय और राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, पूर्व कार्यालय प्रभारी नितिन झरिया, पूर्व विधानसभा प्रभारी शिशु सिंधु भलावी, राकेश उसराठे, नीतेश वरकड़े, अभिषेक ठाकुर, नवीन राजपूत, सतीश यादव, अर्पित नंदा, बिहारीलाल, बारेलाल, ब्रजेश यादव, नयन गोटियां, राज यादव, देवेन्द्र पुसाम और सोनू परते सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी प्रदेशभर में आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



# त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने दिए गए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले में आगामी त्योहारों को देखते हुए आज जिले में बढ़ने वाले यातायात दबाव और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा द्वारा यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मंडला ने मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने, किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति न बनने देने हेतु अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक पॉइंट्स बढ़ाने, पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और वैकल्पिक मार्ग हेतु निर्देशित किया गयो साथ ही, दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, चारपहिया चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा नशे में वाहन न चलाने के प्रति सतर्क किया गया है ताकि त्योहारों का माहौल शांतिपूर्ण एवं सुचारू बना रहे।



# जिले में वनाधिकार कानून का अक्षरशः पालन हो, वनवासी विकास परिषद ने प्रशासन को दिया सुझाव, पूर्व विधायक ने जिला पंचायत सदस्य पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप

## कान्हा फील्ड डायरेक्टर बोले ग्रामीण ना हो भ्रमित






**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जंगल क्षेत्र से जनजातीय और अन्य परंपरागत वनवासियों के विस्थापन को लेकर भ्रम और अफवाहों पर आंदोलन तथा प्रशासन के अपील की बीच, वनवासी विकास परिषद महाकौशल प्रांत के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मिलकर जिले में वनाधिकार कानून का अक्षरशः पालन करने का सुझाव दिया है।

जिले के जंगल क्षेत्र में निवासरत जनजातीय और अन्य परंपरागत वनवासियों को विस्थापित किए जाने की खबर के बाद विगत दिनों, आदिवासी संगठनो के बैनर तले, आदिवासियों ने आंदोलन किया था। दो दिवसीय आंदोलन में विस्थापन और वनाधिकार को लेकर आदिवासियों ने अपनी मांगे रखी थी। हालांकि विस्थापन को लेकर लगातार प्रशासनिक अधिकारी अपनी बात रख रहे है।

महाकौशल प्रांत के सहहित रक्षा प्रमुख लखन मेरावी ने बताया कि वनाधिकार कानून को लेकर, प्रशासन से हमने विस्तृत चर्चा की है। पूर्व में जिस प्रकार वनाधिकार कानून को लेकर जनजातीय और अन्य परंपरागत वनवासियों के बीच भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। उसमें परिषद ने सुझाव दिया है कि वनाधिकार कानून का जिले में अक्षरशः पालन हो।

साथ ही वनाधिकारी कानून की धारा 3(1)(झ) के तहत सामुदायिक वन संसाधन और प्रबंधन के अधिकारो को सुनिश्चित करेन की दिशा में हम आगे बड़े। जिसके लिए प्रशासन, समाजसेवी संगठन और संस्था के साथ मिलकर सामुदायिक और व्यक्तिगत वनाधिकार कानून को लेकर हम काम करें। ताकि जनजातीय समाज और अन्य परंपरागत वनवासियो के अधिकार सुनिश्चित हो सके। ताकि समाज के बीच पैदा हो रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

दरअसल, दक्षिण बैहर और बिरसा क्षेत्र के 55 वनखंडो को विस्थापित किया जाना है। 30 जनवरी 2025 को वनमंडलाधिकारी, उत्तर सामान्य वनमंडल ने एक जारी किया था। जिसमें बैहर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित 55 वनखंडों में वन व्यवस्थापन प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। यह कार्यवाही भारतीय वन अधिनियम, 1927 तथा मध्यप्रदेश शासन के वर्ष 2009 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही थी, हालांकि अभी इस प्रक्रिया आगामी आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया गया है, लेकिन इसको लेकर वनखंडो में निवासरत जनजातीय और अन्य समूहों के लोगों को विस्थापित करने की बात कही जा रही है। जिसे कान्हा प्रबंधन के फील्ड डायरेक्टर रविन्द्रमणी त्रिपाठी और पूर्व विधायक भगत नेताम ने अफवाह बताया है। पूर्व विधायक भगत नेताम ने तो विस्थापन की अफवाह फैलाने का आरोप, जिला पंचायत सदस्य मंशाराम म ?ावी और उनकी टीम पर लगाया है।

हालांकि एसडीएम के बाद कान्हा फिल्ड डायरेक्टर रविन्द्र मणी त्रिपाठी ने जबरन कान्हा और सेंचुरी क्षेत्र से जबरन हटाया जाएगा, निष्कासित किया जाएगा। यह सभी अफवाहें है। उन्होंने इन भ्रामक प्रचार और अफवाहों से सतर्क और सचेत रहने की अपील, जनजातीय और अन्य समूहों के लोगों से की है।



### परिवार के इकलौते बेटे की संदेहास्पद मौत, सिर में मिले चोट के निशान, कोतवाली पुलिस ने कराया पीएम, पुलिस बोली पीएम रिपोर्ट से पता चलेगी मौत की वजह



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 बूड़ी जोड़ा महुआ के पास निवासरत नितिन पिता कपूरचंद मेश्राम (42) की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। सोमवार को घर में मिले, उसके शव का जिला अस्पताल में शव पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम करवाकर कोतवाली पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। बताया जाता है कि नितिन परिवार में दो बहनो में इकलौते भाई था। जो शराब पीने का आदी था। घर में नितिन के मिले शव में पुलिस को सिर पर चोट के निशान और उसके हाथ में मेडिकल उपकरण लगा मिला है। हालांकि मौत की वजह क्या है, यह अभी साफ नहीं है। कोतवाली पुलिस के एएसआई रामकिशोर राहंगडाले ने बताया कि नितिन माता-पिता के साथ रहता था। जबकि पति के शराब की आदत से परेशान होकर पत्नी, घर से चली गई थी। घर में युवक सोए हालत में मृत मिला था। शव को बरामद कर पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह का पता चल पाएगा। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। परिवार के इकलौते बेटे की मौत के बाद से परिवार में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### चोर बोले चोरी करना पाप है पुलिस हमारी बाप है

## निगरानी की फाईल से खुला अंतर्राज्यीय चोरी का राज जमानत पर छूटने के बाद महाराष्ट्र के धापेवाड़ा में की चोरी





### पुलिस ने निकाला आरोपियो का जुलुस



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** चोरी करना पाप है पुलिस हमारी बाप है। पुलिस ने यह नारा लगाते हुए शातिर चोर कुंदन और उसके साथी का सोमवार को अंतर्राज्यीय चोरी के मामले में पकड़े, जाने पर जुलुस निकाला। जिसके बाद उन्हें मीडिया के सामने पेश किया।

दरअसल, ग्रामीण थाना में बगदर्रा निवासी युवक कुंदन पिता उत्तम बनोटे के खिलाफ अपराध दर्ज थे। जिसके बीते दिनो जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने उसकी निगरानी फाईल का डोजियर तैयार करने, उसे थाने बुलाया था। इसी दौरान पूछताछ में, उस पर संदेह होने पर जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी कुंदन ने अपने साथी जितेन्द्र पिता ओमकार गौतम और प्रदीप पिता ज्ञानीराम कुम्हरे के साथ, बीते 6 अक्टूबर को महाराष्ट्र, गोंदिया के धापेवाड़ा में चोरी की थी। जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो तकरीबन साल भर पहले किरनापुर थाना क्षेत्र के धड़ी निवासी प्रेमसुख धार्मिक और लालबर्रा थाना क्षेत्र के बेलगांव में भी चोरी की वारदात को कबूल किया है। जिसके बाद पुलिस ने इन सभी चोरियो में आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से सोने के जेवरात में नेकलेस, पेंडल, नथ, झाले, बाली, टॉप्स, चांदी के जेवरात में पायल, बिछिया और करधन को बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत तकरीबन दो लाख रूपए है।

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मीडिया के सामने आरोपियों को पेश किया। एएसपी आदर्शकांत शुक्ला ने बताया कि आरोपी, आदतन है, जो लगातार चोरियों की वारदात को अंजाम देते आ रहे है। चोरी मामले में पकड़े गए सभी तीन आरोपियों से तीन चोरी की वारदात का पता चला है, आरोपियों से अभी पूछताछ जारी है।

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि जेल से आरोपी कुंदन बनोटे के जमानत पर बाहर आने के बाद, थाने में उसका निगरानी डोजियर करने, बुलाया गया था। जहां उस पर संदेह होने पर जब पूछताछ की गई तो उन्होंने किरनापुर, लालबर्रा और हाल ही में महाराष्ट्र गोंदिया के धापेवाड़ा में साथियो के साथ चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी कुंदन बनोटे के जिला बदर की फाईल तैयार की जा रही है। जिसे जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों के सामने पेश किया जाएगा।

### घर के आंगन में मिला वृद्ध का रक्तरंजित शव

## कनपटी के पास धारदार हथियार के मिले निशान, बिरसा के सुंदरवाही में हत्या से दहशत, पुलिस और एफएसएल टीम ने पहुंची





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिले के बिरसा थाना क्षेत्र के सुंदरवाही गांव में वृद्ध पीरमसिंह पिता चैतु नेताम (65) का रक्तरंजित शव, मिला है। घटना की जानकारी के बाद बिरसा थाना प्रभारी रेवलसिंह बरडे और बालाघाट से एफएसएल टीम, घटनास्थल पहुंची। जहां घर के आंगन में पड़े वृद्ध के शव और घटनास्थल के आसपास का टीम ने बारिकी से निरीक्षण किया और शव को बरामद कर पीएम के लिए बिरसा अस्पताल भिजवाया है।

बताया जाता है कि वृद्ध पीरम, रात में घर की बाड़ी में बने मकान में सोने गया था। जिसका सोमवार को शव, लड़के ने देखा, जब वह मकान की तरफ मवेशी बांधने गया था।

बिरसा थाना प्रभारी रेवलसिंह बरडे ने बताया कि वृद्ध के कनपटी के पास किसी लोहे के धारदार हथियार से हमला करने के निशान है। घटनास्थल पर शव पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए बिरसा अस्पताल भेजा गया है।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि पीरमसिंह की जादूटोने के शक में हत्या की गई होगी। हालांकि बिरसा पुलिस ने वृद्ध पीरमसिंह की हत्या की वजह को अभी अस्पष्ट बताया है। थाना प्रभारी बरडे ने बताया कि प्रथमदृष्टया, यह हत्या का मामला है, जिसमें अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

वृद्ध की हत्या, क्यों, कब और कैसे की गई, यह जांच और पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। अभी वृद्ध का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा जाएगा। जिसके बाद परिजनों के बयान और हत्या की कारणों की जांच की जाएगी। गांव में वृद्ध पीरमसिंह की हत्या के बाद से दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी के बाद पीरमसिंह के घर के पास ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

## तीन राज्यो में अपराध करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के 22 दिन बाद पकड़ाए, मोटर सायकिल से आकर देते थे घटना को अंजाम

### दूसरी चोरी में आरोपियों से चोरी का माल बरामद करने में जुटी पुलिस



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** वारासिवनी पुलिस ने दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महाराष्ट्र तो दूसरा दिल्ली का रहने वाला है। दोनो मिलकर सात-आठ सालों से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगड़ में चोरी, लूट और डकैती जैसे संपत्ति अपराधो में संलिप्त रहे है। जिन्हें वारासिवनी पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र में विगत 19 सितंबर को शिक्षक फूलचंद ठाकरे के यहां हुई चोरी मामले में पकड़ा है। जिनके पास से शिक्षक के घर से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात पुलिस ने बरामद किए है। जबकि एक और हिमाचल नगर में हुई चोरी मामले में पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि दोनो ही आरोपी महाराष्ट्र भंडारा के साकोली हाल मुकाम लाखनी के समर्थ नगर निवासी अनिल पिता चुन्नीलाल बोरकर (38), हाल में जेल में छूटा था। जो अपने साथी दिल्ली के शादीपुर निवासी अक्षय पिता दिनेश गुप्ता (24) के साथ, मोटर सायकिल से आकर सुने मकान की रैकी करके, वारासिवनी में चोरी की घटना को अंजाम दिए थे। जिनसे और पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने तीन राज्यो में चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया कि घटना के बाद चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तीन टीमे गठित की गई थी। जिन्होंने अपनी पड़ताल के दौरान 50 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज और तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की थी। जिन्हें, पुलिस ने महाराष्ट्र पुलिस के सहयोग से पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने शिक्षक फूलचंद ठाकरे और हिमाचल नगर में चोरी के अपराध को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि हिमाचल नगर में हुई चोरी में आरोपियो से बरामदगी के साथ-साथ, थाना क्षेत्र की अन्य चोरियों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

## औद्योगिक क्षेत्र कनकी में 31 हितग्राहियों को उद्यम लगाने 63 भू-खंड आवंटित, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से आवंटन पत्र जारी किये



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्धन योजना के अंतर्गत प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों के 237 भू-खण्डो का उद्यमियों को आवंटन पत्र (एलओआई) सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी किया। इसमें बालाघाट जिले के औद्योगिक क्षेत्र कनकी के 63 भू-खण्ड 31 उद्यमियों को उद्यम लगाने के लिए आवंटित हुए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 700 एमएसएमई ईकाईयों को 197 करोड़ तथा स्टार्टअप योजना के अंतर्गत 63 उद्यमियों को 01 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की।

कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट के एनआईसी कक्ष में भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में बालाघाट जिले के उद्यमी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बालाघाट के हितग्राहियो से संवाद भी किया और उन्हें सफल उद्यमी बनने के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीना, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य मौसम बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, अन्य अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक क्षेत्र कनकी में भू-खण्ड पाने वाले उद्यमी अनिल कुमार गोडवानी व प्रेमचंद गुरनानी, एमएसएमई के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले उद्यमी दीपक रामचंदानी व विनोद राहंगडाले तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत रेस्टारेंट व्यवसाय प्रारंभ करने वाले कौनेंन कुरैशी व निखिलेश धुवारे से वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर उनके उद्यमों, निवेश की गई राशि एवं उनके परिजनों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल प्रभावित जिले में नए उद्यमियों के इस तरह से आगे आकर उद्यम लगाने और अन्य लोगो को रोजगार देने की सराहना करते हुए कहा कि इससे बालाघाट जिले और प्रदेश के विकास को गति मिलेगी।

औद्योगिक क्षेत्र कनकी में जिन उद्यमियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से भू-खण्ड का आवंटन पत्र (एलओआई) जारी किया गया है उनमें उद्यमी अवनेश बजाज, रोहित मंगलानी, मोहेंद्र मरकाम, रति गंगवानी, सौरभ संतोष छुटवानी, यश अशोक गजभिए, सतीश गंगवानी, जोगेश धुवारे, मधुमिलन गुप्ता, मनीषा भगत, श्वेता सहारे, राजेश बजाज, सन्नी बजाज, राहुल मंगलानी, गिरधारी रणदिवे, राहुल गंगाराम राहंगडाले, तपेश सोमचंद तिलाशे, सुनील कुमार कामड़े, करण बजाज, अनिल कुमार गोडवानी, वंश गोडवानी, सोनम योगेंद्र दहीकर, दीपक तेजवानी, भावेश राधेश्याम नत्थानी, प्रेमचंद गुरूनानी, विकास बुधवानी, मुकेश गौतम, शुभम चौधरी, अनिल कुमार गोडवानी, यश गोडवानी एवं वैभव धुर्वे शामिल है। इन उद्यमियों को कलेक्टर श्री मीना ने आवंटन पत्र (एलओआई) प्रदाय किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिन उद्यमियों से संवाद किये है उनमें औद्योगिक क्षेत्र कनकी में भू-खण्ड प्राप्त करने वाले अनिल कुमार गोडवानी द्वारा 25 लाख रुपए की लागत से केटलफीड (पशुआहार) की ईकाई लगायी जा रही है। इससे 05 अन्य लोगो को रोजगार मिलेगा।

### प्राकृतिक आपदा से हुई आर्थिक क्षति के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** एसडीएम बालघाट गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से हुई आर्थिक क्षति के उपरांत पीड़ित को 75 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। 27 जुलाई 2025 को बालाघाट तहसील के ग्राम टेकाड़ी निवासी राधेश्याम पिता भोजलाल तुमडाम एवं रवि पिता परसराम उइके की 02-02 भैंसों की नाले के पानी मे बहकर मृत्यु हो गई थी। फलस्वरूप एसडीएम श्री सोनी द्वारा पीड़ित राधेश्याम एवं रवि के आधार से लिंक बैंक खाते में 75-75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि ट्रांसफर करने के आदेश दिए गए है।

### उद्यानिकी फसल मुनगा, पपीता एवं ड्रेगन फ्रूट के लिए कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में किया जा सकता है सम्पर्क

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव में किसानों एवं आमजनों को विक्रय के लिए मुनगा, पपीता एवं ड्रेगन फ्रूट के पौधे उपलब्ध हैं। कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव-बालाघाट में मुनगा (सहजन) के पौधे 25 रुपए प्रति पौध, पपीता के पौधें 50 रुपए प्रति पौध एवं ड्रेगन फ्रूट के कटिंग 100 रुपए प्रति पौधा की दर से उपलब्ध हैं उद्यानिकी फसल लगाने के इच्छुक किसान एवं आमजन कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव, बालाघाट से यह पौधे निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

## संपादकीय

# नोबेल से अहम शांतिदूत

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलना एंटी क्लाइमेक्स रहा। उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान मिलना ही नहीं था, क्योंकि उनका नामांकन ही नहीं था। राष्ट्रपति ट्रंप निराश न हों और गुस्से में व्हाइट हाउस से तल्ख प्रतिक्रियाएं बंद होनी चाहिए। नोबेल पुरस्कार के बीते 125 सालों में, सिर्फ 143 पुरुषों और महिलाओं को छोड़ कर, असंख्य दावेदार यह पुरस्कार हासिल करने में नाकाम रहे हैं। वे पराजित नहीं हुए और न ही बैठ गए, बल्कि अपने मिशन में पागलों की तरह जुट गए। अंततः कुछ नोबेल पुरस्कार पाने में सफल रहे। बेशक नोबेल पुरस्कार सर्वोच्च और दुर्लभ सम्मान है, तो अमरीकी राष्ट्रपति होना भी दुर्लभतम है। अमरीकी समाज में लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की आजादी और विरोध-प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार भी सर्वोच्च स्तर का है। राष्ट्रपति के खिलाफ भी आंदोलित भीड़ सडकों पर सामान्य तौर पर देखी जा सकती है। लिहाजा राष्ट्रपति ट्रंप तालियां बजाएं और खुश रहें और युद्ध समाप्त करवा शांति स्थापित कराने, असंख्य जिंदगियां बचाने और प्रताड़ित, पीड़ित, विस्थापित लोगों के पुनर्वास के अत्यंत मानवीय मिशन में जुट जाएं। बेशक भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन वह नोबेल शांति पुरस्कार पाने के उतावलेपन के मद्देनजर लगातार झूठा और खोखला दावा करते रहे। बहरहाल रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में राष्ट्रपति ट्रंप ने गंभीर शांति-प्रयास किए हैं, यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन भी मानते हैं। पुतिन का यह भी मानना है कि नोबेल पुरस्कार अब अपनी प्रतिष्ठा खो चुके हैं। ट्रंप कंबोडिया, थाईलैंड, अर्मीनिया आदि देशों के युद्धों पर भी नकली दावे करते रहे हैं। ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान, यदि, अमरीका अपनी भारी और विनाशकारी बमबारी न करता, तो न जाने उस युद्ध के नतीजे क्या होते? ईरान-इजरायल की व्यापक तबाही और बबार्दी हो सकती थी! प्रख्यात उपन्यासकार जॉर्ज ओरवेल ने अपने उपन्यास 1984 में एक विरोधाभासी नारा लिखा था- युद्ध ही शांति है। स्वतंत्रता गुलामी है। युद्ध की स्थिति में नागरिक शांति और सुरक्षा का अनुभव करते हैं। ऑरवेल यह भी कहना चाहते थे कि दरअसल शांति ही युद्ध है। दक्षिण अमरीकी देश वेनेजुएला में विपक्ष की नेता और तानाशाही ताकतों के खिलाफ लोकतंत्र के लिए लड? वाली मारिया मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। ऑरवेल के कथन को उनके संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। बहरहाल इस साल नोबेल शांति के लिए 338 नामांकन स्वीकारे गए। राष्ट्रपति ट्रंप! यह याद रखें कि यदि आपने किसी भी युद्ध को समाप्त कराने की कोशिश भी की है, तो यकीनन वह निस्वार्थ सेवा है। इस पर सोचते हुए आप अपने शांति-प्रयासों पर गर्व महसूस कर सकते हैं। नोबेल कमेटी भी 2026 में सोचने को बाध्य होगी कि वाकई शांति के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। यदि फिलिस्तीन की गाजा पट्टी में वाकई युद्धविराम लागू हुआ है। पीड़ित, उजड़े हुए लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिख रही हैं, तो उसका बुनियादी श्रेय राष्ट्रपति ट्रंप को दिया जाना चाहिए। उन्होंने ही कूटनीति और दबाव से अरब देशों को मनाया, शांति समझौते के लिए तैयार किया और इजरायल, हमास को भी अपने सूत्र मानने को विवश किया। गाजा में करीब 2 लाख टन बारूद विस्फोटित किया जा चुका है। हिरोशिमा पर जो परमाणु बम गिराया गया था, वैसे 13 परमाणु बमों से विनाश किया जा चुका है। प्रत्येक 10 में से 1 आदमी की या तो मौत हो चुकी है अथवा वह घायल है। 64,000 से अधिक मौतें हुई हैं। औसतन 10 में से 9 लोग बेघर हैं। संयुक्त राष्ट्र के डाटा के मुताबिक, 1,02,067 इमारतें तबाह हो चुकी हैं। 10 में से 9 घर मिट्टी-मलबा हो चुके हैं। खेतों की औसतन 10 में से 8 एकड़ जमीन बंजर हो चुकी है। करीब 5.4 करोड़ टन मलबा हटाने में कमोबेश 10 साल लग सकते हैं। करीब 90 फीसदी साफ पानी और ड्रेनेज बर्बाद हो चुके हैं। औसतन 6 लीटर पानी प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के लिए शेष है। 38 में से 25 बड़े अस्पताल मलबा हो चुके हैं। यदि ऐसे इलाके में शांति बहाल कराई जाती है, राहत सामग्री लगातार मिलती है, हमास और इजरायल अपने वायदों को निभाते हैं, तो शांति पुरस्कार ऐसे विराट काम के सामने बौना है। बहरहाल इस बार ट्रंप के बजाय किसी और को शांति का नोबेल देने का तात्पर्य यह भी है कि इस मामले में स्वतंत्र चयन की सोच रहती है।

# भारत पर लगाई शर्तें और अमेरिका को दिया जवाब, रेयर अर्थ के जरिये चीन ने चली नई सामरिक चाल



हम आपको बता दें कि चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में रेयर अर्थ और उनसे जुड़ी तकनीकों के निर्यात पर नए प्रतिबंध घोषित किए हैं। अब कोई भी विदेशी कंपनी यदि चीन से निकले इन तत्वों का उपयोग करती है तो उसे विशेष अनुमति लेनी होगी। वैश्विक शक्ति-संतुलन अब केवल सैन्य बल या आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि उन तत्वों की उपलब्धता से भी तय हो रहा है जिन्हें रेयर अर्थ मेटल्स कहा जाता है। यह वह दुर्लभ खनिज हैं जो आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक, रक्षा और हरित तकनीकों की आत्मा हैं। इन्हीं पर चीन ने एक बार फिर नियंत्रण कसते हुए दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि आने वाले वर्षों में वह केवल विनिर्माण महाशक्ति ही नहीं, बल्कि संसाधन-सर्वोच्चता की भूमिका भी निभाना चाहता है।हम आपको बता दें कि चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में रेयर अर्थ और उनसे जुड़ी तकनीकों के निर्यात पर नए प्रतिबंध घोषित किए हैं। अब कोई भी विदेशी कंपनी यदि चीन से निकले इन तत्वों का उपयोग करती है तो उसे विशेष अनुमति लेनी होगी। नये प्रतिबंधों में न केवल कच्चे खनिज शामिल हैं, बल्कि खनन, स्मेल्टिंग, रीसाइक्लिंग और मैग्नेट निर्माण तकनीक तक को नियंत्रण के दायरे में लाया गया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव नई ऊँचाइयों पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उच्च-टैरिफ नीति के जवाब में चीन ने रेयर अर्थ की आपूर्ति को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू किया है।


हम आपको बता दें कि विश्व में रेयर अर्थ का लगभग 70% खनन और 90% प्रसंस्करण (स्र१ङ्की२२ल्लॅ) चीन के नियंत्रण में है। यानी दुनिया की डिजिटल और सैन्य प्रगति की धुरी बीजिंग के हाथ में है। इसी संदर्भ में चीन ने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स की आपूर्ति के लिए जो शर्तें रखी हैं, वह केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि भूराजनैतिक प्रकृति की हैं। बीजिंग ने कहा है कि भारत को ये रेयर अर्थ मैग्नेट्स तभी मिलेंगे जब वह यह सुनिश्चित करेगा कि इनका उपयोग केवल घरेलू जरूरतों के लिए होगा और ये किसी भी रूप में अमेरिका तक नहीं पहुँचेंगे।

भारतीय कंपनियों ने एंड-यूजर सर्टिफिकेट (एवउ) देकर यह आश्वासन दिया है कि इन मैग्नेट्स का उपयोग विनाशकारी हथियारों के निर्माण या सैन्य उत्पादन में नहीं किया जाएगा। लेकिन चीन ने भारत से यह भी आश्वासन माँगा है कि वह अमेरिका को इन तत्वों तक पहुँचने से रोकने की गारंटी दे। यही वह बिंदु है जो चीन की नीति का असली उद्देश्य उजागर करता है। यानि वह भारत को अपने नियंत्रण तंत्र में बाँधना चाहता है ताकि अमेरिकाझभारत तकनीकी गठजोड़ को सीमित किया जा सके। चीन ने अपने इन कदमों को राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक बताया है। परंतु विश्लेषकों का मानना है कि यह सुरक्षा की आड़ में रणनीतिक संसाधनों के हथियारकरण की नीति है। यह अमेरिका की चिप एक्सपोर्ट कंट्रोल नीति का जवाब है, जिसमें वाशिंगटन ने चीन को उच्च-स्तरीय सेमीकंडक्टर तकनीक देने पर प्रतिबंध लगाया था। अब बीजिंग उसी भाषा में जवाब दे रहा है– यदि तुम हमें चिप्स नहीं दोगे, तो हम तुम्हें रेयर अर्थ नहीं देंगे। साथ ही भारत जैसे देशों से वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि वह उसकी इस रणनीतिक घेराबंदी को कमजोर न करें।

देखा जाये तो भारत की दृष्टि से यह परिस्थिति दोहरी चुनौती प्रस्तुत करती है। एक ओर, भारत की ईवी नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग इन रेयर अर्थ तत्वों पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, चीन द्वारा लगाई गई अमेरिका-निरोधक शर्तें भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को चुनौती देती हैं। उदाहरण के लिए, भारत में ईवी निर्माण में प्रयुक्त मोटरों के 12 से अधिक घटकों में रेयर अर्थ मैग्नेट्स की आवश्यकता होती है। हल्के रेयर अर्थ के निर्यात को चीन ने फिर से शुरू कर दिया है, परंतु भारी रेयर अर्थ मैग्नेट्स की आपूर्ति पर नियंत्रण अब भी जारी है। इसका सीधा असर बड़े वाहनों, बसों और इलेक्ट्रिक ट्रकों के निर्माण पर पड़ रहा है।

इसके अलावा, दो-पहिया निमार्ता फिलहाल हल्के मैग्नेट या फेराइट मैग्नेट का उपयोग कर रहे हैं, परंतु इससे दक्षता घट जाती है और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इसलिए भारत के लिए यह स्थिति एक सख्त संदेश है कि सप्लाई चेन की स्वतंत्रता अब केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न बन चुकी है। देखा जाये तो चीन की यह नीति केवल भारत या अमेरिका के खिलाफ नहीं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के पुनर्गठन का हिस्सा है। वह यह जताना चाहता है कि यदि पश्चिमी देश तकनीकी निर्यात पर रोक लगाएंगे, तो चीन अपने खनिज संसाधनों के वर्चस्व से जवाब देगा। चीन का यह कदम यह भी दिखाता है कि भविष्य की विश्व राजनीति खनिज प्रभुत्व पर आधारित होगी। अमेरिका पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुका है। उसने अपने घरेलू रेयर अर्थ उद्योग में $520 मिलियन का निवेश किया है और टढ टं३ी१ं'२ जैसी कंपनियाँ अमेरिका के भीतर आपूर्ति श्रृंखला बनाने में जुटी हैं। लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा होने में वर्षों लगेंगे। तब तक दुनिया को चीन की शर्तें माननी ही होंगी। देखा जाये तो भारत को इस परिदृश्य में दो रास्तों में से एक चुनना होगा। या तो चीन पर निर्भर रहकर उसके बनाए गए नियंत्रण ढाँचे को स्वीकार करे, या अपने घरेलू रेयर अर्थ खनन और प्रसंस्करण उद्योग को सशक्त बनाकर स्वतंत्र आपूर्ति श्रृंखला तैयार करे। मोदी सरकार के पास अब यह अवसर है कि वह क्रिटिकल मिनरल मिशन को उसी प्राथमिकता से आगे बढ़ाए, जिस तरह चिप मिशन को बढ़ाया गया है। भारत के पास अंडमान, ओडिशा और अरुणाचल जैसे क्षेत्रों में रेयर अर्थ के पर्याप्त भंडार हैं, आवश्यकता केवल तकनीकी निवेश और नीति-साहस की है। कुल मिलाकर देखें तो चीन की शर्तों का वास्तविक अर्थ यही है कि जो देश संसाधन-निर्भर रहेगा, वह रणनीतिक रूप से स्वतंत्र नहीं रह सकेगा।

# जंगल सफारी का नया ठिकाना: राजस्थान के जवाई में देखें तेंदुए और मगरमच्छ, अनुभव होगा अद्भुत



जंगल सफारी के शौकीनों के लिए राजस्थान का जवाई नेशनल पार्क एक बेहतरीन विकल्प है, जहाँ आप तेंदुए, मगरमच्छ और अन्य जंगली जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। पाली जिले में स्थित यह तेंदुआ संरक्षण रिजर्व अपनी अद्वितीय विशेषता के लिए जाना जाता है, जहाँ ग्रामीण और तेंदुए साथ रहते हैं। यह ट्रिप आपको एडवेंचर और रोमांच से भरपूर एक यादगार अनुभव देगी। जंगल सफारी करने का एक अलग ही आनंद होता है। अगर आपको भी जंगली जानवर देखने का शौक हैं, लेकिन जब नेशनल पार्क में जाते हैं तो सिर्फ हिरन और बंदर को देखकर आ जाते हैं। हालांकि, शेर, चीता और बाघ न मिले तो मजा नहीं आता है। हर किसी का बजट साउथ अफ्रीका और केन्या जाने का तो होता नहीं। जहां पर मसाई मारा जैसे नेशनल पार्क में जा पाएं और जंगली जानवर देख पाएं। लेकिन आपको ज्यादा दूर जाने की जरुरत नहीं है। आप राजस्थान के जवाई नेशनल पार्क में, जहां पर तेंदुआ, मगरमच्छ जैसे जंगली जीव खुले घूमते दिख जाएंगे और आपको यहां पर सैर करके काफी सुंदर नजारे दिखेंगे।

**जवाई नेशनल पार्कट :** जवाई नेशनल पार्क राजस्थान के पाली जिले में मौजूद है। यह एक तेंदुआ संरक्षण रिजर्व सेंटर है। इस पार्क में आपको तेंदुआ की काफी आबादी देखने को मिल जाएगी। यहां पर जवाई बांध भी है। बता दें कि, 60 किलोमीटर एरिया में फैले इस नेशनल पार्क में 16 गांव बसे हैं। जहां पर तेंदुआ और ग्रामीण लोग साथ में रहते है। तेंदुआ और दूसरे जंगली जानवरों को देखने आप यहां जरुर जाएं। ट्रिप आपकी रोमांच से भर जाएगी। यहां पर तेंदुआ की अलग-अलग प्रजाति के अलावा जंगली बिल्ली, भेड़िया, सियार और धारीदार लकड़बग्घे भी रहते हैं। आपको 100 से ज्यादा वैराइटी के प्रवासी और लोकल पक्षी भी देखने को मिल जाएंगे। ग्रेनाइट की पहाड़ियों के लिए सुंदर नजारों के बीच वाइल्ड लाइफ का करीब से दीदार होगा।

**कैसे पहुंचे :** जवाई जाने के लिए बाय रोड भी जा सकते हैं। उदयपुर या जयपुर एयरपोर्ट से यहां प्राइवेट साधन के जरिए जा सकते हैं। नजदीकी एयरपोर्ट उदयपुर है जो करीब 150 किमी दूर है। इसके अलावा, सिर्फ 4 किमी की दूरी पर मोरी बेरा रेलवे स्टेन है। जो जयपुर, दिल्ली, मुंबई से जुड़ा हुआ है। सर्दियों के मौसम में यहां पर जाना अच्छा माना जाता है।

## राशिफल

मेष राशि :- कार्य कुशलता से संतोष होगा, समृद्धि के योग फलप्रद रहेंगे, उत्साह से कार्य बनेंगे, धैर्य से कार्य अवश्य करें।

वृष राशि :- कार्य तत्परता से कार्य होंगे, इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, रुके कार्य ध्यान देने से बनेंगे, आलस्य से हानि।

मिथुन राशि :- व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे।

कर्क राशि :- वाहन सोच-समक्षकर चलायें अन्यथा हानि संभव है, मानसिक विभ्रम से भय, मन में क्लेश व अशांति रहेगी।

सिंह राशि :- समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थगित रखें, लेन-देन के मामले में हानि होगी, सावधानी से कार्य करें।

कन्या राशि :- आकस्मिक विभ्रम के कारण किसी आरोप में फंस सकते हैं, सतर्कता से कार्य करें, सावधानी आवश्यक है।

तुला राशि :- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बनेंगे, कार्य कुशलता से संतोष होगा ध्यान दें।

वृश्चिक राशि :- कार्य कुशलता से संतोष होगा, कार्य योजना फलीभूत होगी, समय पर कार्य करने से लाभ अवश्य होगा।

धनु राशि :- धन लाभ होगा, सफलता के साधन जुटायेंगे, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा, अवसरों का लाभ लें।

मकर राशि :- आरोप-प्रत्यारोप से क्लेश संभव है, धन लाभ होगा, आशानुकूल सफलता से हर्ष होगा, कार्यगति पर ध्यान दें।

कुंभ राशि :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होगा, स्त्री शरीर कष्ट, असमंजस से मन विचलित रहेगा, व्यर्थ की बातों से बचें।

मीन राशि :- इष्ट मित्र सहायक रहेगा, दैनिक कार्यगति अनुकूल रहेगी, कार्य अवश्य पूर्ण करें, समय का ध्यान रखें।

# चेहरे पर टैनिंग हो या दाग-धब्बे, ग्लिसरीन का यूं करें इस्तेमाल



हम सभी अपनी स्किन को नेचुरली खूबसूरत बनाए रखना चाहती हैं। हालांकि, इसके लिए आपको अपनी स्किन का अतिरिक्त ध्यान रखने की जरूरत होती है। दरअसल, पूरा दिन हमारी स्किन बहुत कुछ झेलती है। धूप से झुलसने से लेकर काले धब्बों तक, ऐसी कई चीजें होती हैं, जिनकी वजह से स्किन की खूबसूरती कहीं छिप जाती हैं। यूं तो हम सभी अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए हम सभी कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करत हैं, लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से अपनी स्किन की केयर करना चाहती हैं तो ऐसे में ग्लिसरीन का इस्तेमाल करना काफी अच्छा रहेगा। ग्लिसरीन स्किन के लिए बेहद ही फायदेमंद है। यह हाइड्रेटिंग और बेहद ही वसेर्टाइल है। फिर चाहे आपकी स्किन रूखी हो, ऑयली या फिर कॉम्बिनेशन, आप ग्लिसरीन की मदद से अपनी स्किन की कई तरह की प्रोब्लम्स को आसानी से दूर कर सकती हैं। यह टैनिंग से लेकर दाग-धब्बों तक की अपीयरेंस को कम करने में बेहद काम आ सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ग्लिसरीन की मदद से अपनी स्किन की प्रोब्लम्स को किस तरह दूर सकती हैं।

टैनिंग के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल

अगर आप बहुत देर तक धूप में रही हैं और इसलिए आपकी स्किन टैन हो गई है तो ऐसे में ग्लिसरीन की मदद से आप इस नुकसान को काफी कम कर सकती हैं।

आवश्यक सामग्री-

एक भाग ग्लिसरीन
एक भाग नींबू का रस
एक भाग गुलाब जल

कैसे इस्तेमाल करें-

तीनों को बराबर मात्रा में मिलाएं।
इसे कॉटन पैड से टैन वाली जगह पर लगाएं।
इसे 20-30 मिनट तक लगा रहने दें।
आखिरी में, गुनगुने पानी से धो लें।
हफ़्ते में 2-3 बार इस्तेमाल करें।

दाग-धब्बों के लिए ग्लिसरीन

दाग-धब्बों को दूर करने के लिए भी ग्लिसरीन का इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्लिसरीन स्किन की नमी बनाए रखता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है।

आवश्यक सामग्री-

कुछ बूंदे ग्लिसरीन
एक कैप्सूल विटामिन ई ऑयल

कैसे इस्तेमाल करें-

ग्लिसरीन की कुछ बूंदों में विटामिन ई ऑयल मिक्स करें।
अब इसे रात में सीधे काले धब्बों पर लगाएं।
इसे रात भर लगा रहने दें, सुबह धो लें।
इसे रोजाना या हर दूसरे दिन इस्तेमाल करें।

अनइवन स्किन टोन के लिए ग्लिसरीन

अगर आप अनइवन स्किन टोन से परेशान हैं तो ऐसे में ग्लिसरीन को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। जहां दूध स्किन को एक्सफोलिएट करता है, वहीं नींबू स्किन को ब्राइटन बनाता है।

आवश्यक सामग्री-

1 छोटा चम्मच ग्लिसरीन
1 छोटा चम्मच कच्चा दूध
कुछ बूंदे नींबू का रस

कैसे इस्तेमाल करें

एक बाउल में सभी सामग्री को मिक्स करें।
अब अपनी स्किन को क्लीन करके इसे अप्लाई करें।
आप इस उपाय को सप्ताह में तीन बार इस्तेमाल कर सकती हैं।

# डॉक्टर का अचूक मंत्र! ये 3 नियम अपनाएं, शरीर और दिमाग दोनों रहेंगे स्वस्थ



भागदौड़ भारी जिंदगी में लोगों के पास अपनी सेहत के बेहतर रखने और खुद को फिट रखने के लिए भी समय नहीं है। जिससे कई तरह की बीमारियां घेर रही हैं। मोटापा भी बढ़ने लगता है। मोटापे से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा बन जाता है। खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण लोगों में मोटापा बढ़ रहा है। यदि आपका रुटीन सही होगा कि आप एकदम फिट रहेंगे। आज के समय में लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। वजन कम करने की बात आती है, तो ज्यादातर लोग सबसे पहले अपनी डाइट बदलने या जिम जॉइन करने पर ध्यान देते हैं। डॉक्टर के मुताबिक, वजन केवल शरीर से नहीं, बल्कि दिमाग से भी जुड़ा होता है। अगर आप अपने रुटीन में इन 3 को जरुर शामिल करें।

**वजन कंट्रोल के लिए 3 आसान स्टेप्स**

- पहला स्टेप- आपको यह नहीं सोचना चाहिए क्या खाना है, बल्कि ये सोचना है कि कब खाना है, दिन में आप तभी खाना खाएं जब सूर्य निकला हो। सूरज ढलने के बाद कुछ नहीं खाएं।
- दूसरा स्टेप- आपको तय करना है कि दिन में कितनी बार खाना चाहिए। एक बार या दो बार या फिर तीन बार खाना है। हालांकि, बीच में स्नैक्स या बार-बार कुछ नहीं खाना है। - तीसरा स्टेप- स्टार्टिंग में अपने खाने की चीजें बदलें नहीं। लेकिन टाइमिंग पर ध्यान नहीं देना है। प्रत्येक दिन समय पर खाना खाएं और इसे 21 दिन तक जारी है।

**21 दिन तक ऐसा करने से क्या होगा :** डॉक्टर ने बताया है कि इन 3 रुल्स को आप नियमित रुप से 21 दिन तक फॉलो करेंगे, तो आपका दिमाग इसे एक आदत के रुप में स्वीकार करेगा। यह आपका हेल्दी रुटीन बन जाएगा। ये रुटीन केवल शरीर नहीं, बल्कि आपके दिमाग और मेटाबॉलिज्म को भी ट्रेंड करता है।

# महंगे फेशियल छोड़ो! मुफ्त के दही से घर बैठे पाएं कोरियन जैसी चमकती ग्लास स्किन



आजकल लोग स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए कोरियन मास्क से लेकर महंगे प्रोडक्ट्स और सैलून पर ट्रीटमेंट्स कराते हैं। यह काफी महंगे भी होते हैं। अगर आप अपने त्वचा को निखारना चाहती हैं, तो घर में मौजूद दही से आप अपनी स्किन को सुंदर बना सकते हैं। आइए आपको बताते हैं ग्लोइंग त्वचा के लिए क्या करें।

अपनी त्वचा को चमकाने के लिए लोग पार्लर से महंगे- महंगे फेशियल करवाते है। स्किन ट्रीटमेंट में काफी पैसा लगता है। आजकल सबको कोरियन जैसी ग्लास स्किन पाने की चाहत है। ऐसे में लोग महंगे-महंगे कोरियन स्किन केयर ब्रांड्स का इस्तेमाल जरुर करते हैं। अब आपको ज्यादा पैसा बर्बाद करने की कोई जरुरत नहीं है। घर मौजूद दही से आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे स्किन को ग्लोइंग बनाएं।

**सामग्री**

- दही का पानी
- चावल
- एलोवेरा जेल
- ग्लिसरीन
- गुलाब जल

**नुस्खा बनाने की विधि**

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आपको सबसे पहले दही का पानी बनाने का तरीका बताते हैं। इसके लिए आपको दही को धूप में रखना है। इसको आपको 2 से 3 दिन तक धूप में रखना है, जब तक यह पीला पानी दही से अलग न हो जाए, अब इसको छान लें। इस पीले पानी में चावलों को भिगो दें। 2 दिन तक आपको इस पानी में चावल को भिगोकर रखना है। इसके बाद चावल को निकालकर फेंक दें। अब इसमें 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल मिला लें। अब इसमें 2-2 चम्मच ग्लिसरीन और गुलाब जल मिलाना है। फिर आप इस पानी को चेहरे और पूरे बॉडी पर लगा सकते हैं। इस प्रक्रिया को आप 7 दिन तक लगातार करें। इस बात का ध्यान रखें कि इस पानी को कांच की शीशी में भरकर फ्रिज में रखना है।

इस नुस्खा का इस्तेमाल करने से क्या फायदे मिलते हैं

- दही में लैक्टिक एसिड होते हैं, जो स्किन को एक्सफोलिएट करते हैं। चेहरे के डेड स्किन, धूल और टैनिंग हट जाती है।
- चावल में स्टार्च और अमीनो एसिड मौजूद होते हैं जो स्किन को ब्राइट और टाइट करने में मदद करता है। ये स्किन से तेल और गंदगी निकालता है। वहीं टैनिंग और झुर्रियां कम हो जाती है।
- एलोवेरा स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इसमें विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो कि सनबर्न, एक्ने और इरिटेशन कम करने में मदद करता है और त्वचा को मॉइस्चर प्रदान करता है।


नियम ताक पर रखकर शिक्षक श्याम सुंदर पटेल ने स्टाम्प पर लिख दिया गोदनामा


# तीन संतान से वाले शिक्षकों को नोटिस देकर भूल गया विभाग

## ढीमरखेड़ा विकासखंड के दो शिक्षकों को भी जारी हुये थे नोटिस

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा। तीन संतान वाले ढीमरखेड़ा विकासखंड के दो शिक्षकों को 23 मई 2025 को तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह के द्वारा नोटिस जारी करते हुये तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण तलब किया गया था। यह कार्यवाही ब्लाक शिक्षा अधिकारी के द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के तारतम्य में की गई थी। लेकिन विभाग की ओर से जारी नोटिस दिखावा साबित हो रहे है। चूंकि आज दिनांक तक संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है।**

उल्लेखनीय है कि श्याम सुंदर पटेल प्राथमिक शिक्षक, शासकीय माध्यमिक परसेल, संकुल शा.उ.मा. वि. मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा को भी जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी किया गया था जिसमें यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि आपके विरूद्ध दो से अधिक संतान होने एवं थाना खितौला जिला जबलपुर मे धारा 294, 323, 506 के तहत एफ.आई.आर. दर्ज होने संबंधी शिकायत की विभागीय जांच पश्चात विभागीय जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष अनुसार शासकीय सेवा के पूर्व ही आपकी जीवित 03 संतानों में से दूसरी संतान


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)

कुमारी वंशिका कुमारी पटेल जन्म दिनांक 27.05.2008 को दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम 1956 के प्रावधानुसार सतीष पटेल पिता वासुदेव पटेल सिहोरा जिला जबलपुर को गोद देने एवं लेने की प्रक्रिया राशि 50/- के स्टॉम्प पेपर पर नोटराईज्ड किया गया है जबकि अधिनियम 1956 में स्पष्ट उल्लेख है कि दोनों पक्षों की सहमति एवं गवाहों के साथ जिले के रजिस्टार के समक्ष किया जाना था जो कि नही किया गया जिससे गोद लेने एवं देने की प्रक्रिया विधि मान्य नहीं है। विभागीय जांच अधिकारी के अभिमत अनुसार :- दोषी शिक्षक के विरूद्ध अधिरोपित आरोप क्रमांक 01 के संबंध मे विभागीय जांव में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये गये । आरोप क्रमांक 01 के संदर्भ मे म.प्र. राज पत्र असाधारण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभभवन भोपाल दिनांक 25.05.2018 में स्पष्ट लेख है कि नियम 22 के उपनियम (2) के पश्चात कोई भी शासकीय सेवक ऐसा कोई कृत्य नहीं करेंगा अर्थात दो से अधिक बच्चे होने को अवचार माना जायेगा यदि उनमे से एक का जन्म दिनांक 26.01.2001 या उसके पश्चात हो।

### फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र के सहारे चल रही नौकरी


शिक्षक श्याम सुंदर पटेल विकलांगता नहीं है बावजूद उसके द्वारा भर्ती के समय विकलांगता प्रमाण पत्र लगाया जाकर उसका अनुचित रूप से लाभ लिया गया है। इस संबंध में पूर्व में कई बार शिकायत की गई है लेकिन विभाग के द्वारा आज दिनांक तक सिर्फ और सिर्फ नोटिस का खेल ही खेला गया है। तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद के द्वारा मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये थे लेकिन कलेक्टर का स्थानांतरण होते हुये मामला शांत हो गया। शिकायतकर्ता रमेश पटेल के द्वारा यह मांग की गई थी कि शिक्षक श्याम सुंदर पटेल के द्वारा जो विकलांगता प्रमाण पत्र लगाया गया है उसकी जांच जिला मेडिकल बोर्ड कटनी के माध्यम से कराई जाये जिससे वस्तु स्थिति स्पष्ट हो जायेगी लेकिन हर बार नोटिस देकर दिखावती कार्यवाही तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह के द्वारा की जाती रही है। आज दिनांक तक शिक्षक श्याम सुंदर पटेल की जांच मेडिकल बोर्ड से नहीं कराई गई है, जिस कारण से वह आज भी धड़ल्ले से नौकरी कर रहा है।

### अशोक चौधरी पर भी नहीं हुई कार्यवाही

शिक्षक अशोक कुमार चौधरी प्राथमिक शिक्षक शासकीय ई०पी०ई०एस०शाला सगौना को भी तत्कालीक जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा नोटिस भेजकर 3 दिवस में जवाब तलब किया गया था लेकिन आज दिनांक तक उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। शिकायत उपरांत जांच अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, ढीमरखेडा के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं साक्ष्यों का अवलोकन किया गया जिसमे दो से अधिक संतान होना पाया गया है जो क्रमशः प्रथम संतान पुत्र राहुल चौधरी जन्म दिनांक 10.07.1999 द्वितीय संतान पुत्र आशीष कुमार जन्म दिनांक 03.08.2002 एवं तृतीय संतान पुत्र विकास कुमार जन्म दिनांक 15.07.2005 है। म.प्र. राज पत्र असाधारण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल दिनांक 25.05.2018 में स्पष्ट लेख है कि नियम 22 के उपनियम (2) के पश्चात कोई भी शासकीय सेवक ऐसा कोई कृत्य नहीं करेंगा अर्थात दो से अधिक बच्चे होने को अपचार माना जायेगा यदि उनमे से एक का जन्म दिनांक 26.01.2001 या उसके पश्चात हो। आपका उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है जिससे आपके द्वारा स्वयं को अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु दण्ड का भागी बना लिया है।

# सिवनी हवाला कांड: जिले के 4 पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

## संदिग्ध आचरण पर आई.जी. जबलपुर रेंज ने की कार्यवाही


- ( आदेश ) -

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** सिवनी हवाला कांड लूट की गूंज के बीच अब कटनी पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। जबलपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रमोद वर्मा ने कार्रवाई करते हुए जिले के चार पुलिसकर्मियों को जिले से बाहर स्थानांतरित कर दिया है। तबादला सूची में विजयराघवगढ़ में सदस्य आरक्षक रविन्द्र दुबे, स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ आरक्षक अंकित ऊइके, शिव पटेल और साइबर सेल के प्रशांत विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि तबादले की यह कार्रवाई विभागीय अनुशासन और पुलिस की साख को बचाने के उद्देश्य से की गई है। सूत्रों का कहना है कि साइबर सेल से लेकर थानों में पदस्थ रहे ये पुलिसकर्मी पिछले कुछ समय से विभिन्न शिकायतों और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर निगरानी में थे। आईजी कार्यालय से जारी आदेश में संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से जिले से बाहर पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्र बताते हैं कि यह कदम पुलिस विभाग की छवि धूमिल होने की संभावनाओं को देखते हुए उठाया गया है। हाल ही में सिवनी जिले में सामने आए हवाला कांड के बाद जबलपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों में कड़ी निगरानी और आंतरिक समीक्षा प्रक्रिया चल रही है। माना जा रहा है कि यह तबादले उसी सख्ती का हिस्सा हैं। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में कटनी जिले के कुछ और पुलिस कर्मियों पर भी विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि पुलिस बल में पारदर्शिता और अनुशासन को लेकर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि जिन पुलिसकर्मियों को कटनी जिले से बाहर का रास्ता दिखाया गया है, उनके संबंध कटनी जिले से संचालित होने वाले ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे से भी जुड़े पाए गए हैं। हालांकि इस बात की आधिकारिक पुष्टि अभी तक के लिए किसी भी पुलिस अधिकारी ने नहीं की है। कटनी जिले में अभी कई ऐसे पुलिसकर्मी मौजूद हैं जो की लगातार क्रिकेट सटोरियों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मिठाइयों के दम पर अपनी सेहत मजबूत करते रहते हैं, हो सकता है कि अब उनकी बारी भी इस कारवाई के बाद लग जाए।

ढीमरखेड़ा के तीन अन्य मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पर भी अग्रिम आदेश तक रोक

# दो मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस 5 दिन के लिये निलंबित




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा की गई जांच के बाद नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर दो मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस को 5 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं ढीमरखेड़ा के 3 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस पर भी अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी गई है। औषधि निरीक्षक दल द्वारा अग्रवाल मार्केट, स्लीमनाबाद तिराहा स्थित विनायक मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स एवं समदड़िया कॉलोनी, माधवनगर, कटनी स्थित एस. एस. मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स की जांच की गई थी। जांच के दौरान इन दोनों मेडिकल स्टोर्स द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940, नियमावली 1945 के नियम 65 (3) (4) का उल्लघंन होना पाये जाने पर दोनों दुकान संचालकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। परंतु उनका संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी मनीषा धुर्वे ने कार्यवाही करते हुये इन दोनों दुकानों को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्तियां पांच दिवस हेतु निलंबित कर दी है। निलंबन की अवधि में दोनों दुकानों से औषधियों का क्रय-विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा।**

### नोटिस के बाद भी नहीं हुये पेश

इसी प्रकार औषधि निरीक्षकों की टीम द्वारा ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम सिलौड़ी स्थित मेडिकल स्टेर्स के निरीक्षण हेतु दौरा किया गया। इस दौरान राय मेडिकल स्टोर्स, आरोग्य ड्रग स्टोर्स एवं सचिन फामेर्सी बंद पाई गई। दुकान बंद पाये जाने के संबंध में तीनों दुकान संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र दिया गया एवं औषधि अनुज्ञप्तियों से संबंधित समस्त दस्तावेज, क्रय-विक्रय बीजक, फार्मासिस्ट सहित कार्यालय में उपस्थित होने हेतु कहा गया था। परंतु, उनके द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब कार्यालय में नियत तिथि तक प्रस्तुत नहीं किया गया। चाहे गये समस्त दस्तावेजों के साथ इन तीनों दुकान संचालकों के कार्यालय में उपस्थित नहीं होने एवं समस्त दस्तावेजों की जांच नहीं होने तक औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा तीनों दुकानों को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्तियाँ अग्रिम आदेश तक के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित की गई हैं। निलंबन की अवधि में दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी एवं औषधियों का क्रय विक्रय पूर्णतः बंद रहेगा।

समग्र ई-केवाईसी कार्य में लायें तेजी : कलेक्टर

# मुख्यालय से नदारत बड़वारा बीईओ का कटेगा 2 दिन का वेतन, कार्यपालन यंत्री को नोटिस

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, समय-सीमा शिकायतों, फार्मर रजिस्ट्री सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार मौजूद रहीं। कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक के दौरान बड़वारा बीईओ को विकासखंड मुख्यालय से बिना अनुमति अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुये दो दिन का वेतन काटने का निर्देश देते हुये कहा कि ब्लॉक लेवल के सभी अधिकारी समय-सीमा बैठक में विकासखंड मुख्यालय में उपस्थित होकर वर्चुअल रूप से अवश्य जुड़े। अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी।**

इसी प्रकार कलेक्टर ने बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने कैमोर एवं बरही सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर हितग्राहियों को ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित आने वाले आवेदनों और रिक्तियों पर कलेक्टर कार्यालय को जानकारी भेजने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि रिक्त पदों की वास्तविक जानकारी देना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में चल रहे राष्ट्रीय माह के अंतर्गत पोषण ट्रैकर अभियान में चिन्हांकित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की संख्या, नई बनायी गई आभा आईडी, अपार आईडी एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत नवीन पंजीयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा कम अपार आईडी बनाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये सभी अधिकारियों को शिकायतों का एनालिसिस कर बैठक में आने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को शीघ्र संतुष्टिपूर्वक बंद कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज विभाग द्वारा शिकायतों को निम्न गुणवत्ता पर बंद कराने एवं विभाग द्वारा शिकायतों के नॉन अटेंडेंट पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की। इसी प्रकार कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की प्रदेश में खराब रैंक पर गहन नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान से संबंधित शिकायतों को गंभीरता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, ग्रामीण अभियांत्रिकी, पीएचई को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए।

# किडनी फेल्योर को समझें: डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट कैसे बचाते हैं जीवन -डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल , नागपुर



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, सिवनी। क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक ऐसी बीमारी है जिसमें किडनी धीरे-धीरे खून से अपशिष्ट पदार्थों को फिल्टर करने और शरीर में एसिड-बेस संतुलन को बनाए रखने की क्षमता खो देती हैं। यह गंभीर बीमारी भूख न लगना, थकान, शरीर में सूजन, सांस लेने में दिक्कत और हीमोग्लोबिन का कम होना जैसी समस्याओं के रूप में सामने आ सकती है ।**

हालांकि यह स्थिति डरावनी लग सकती है, लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में हुई प्रगति ने किडनी फेल्योर के बाद जीवन को काफी बेहतर बना दिया है। डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट झ नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी साझा की । डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया की, जब किसी मरीज की किडनी ठीक से काम नहीं कर पाती, तो डायलिसिस एक जीवनरक्षक इलाज के रूप में काम करती है। डायलिसिस, जिसे रीनल रिप्लेसमेंट थेरपी भी कहा जाता है, जो दो प्रकार की होती हैः हीमो डायलिसिस और पेरीटोनीयल डायलिसिस, जिसे सीएपीडी (कॉन्टिन्युअस एंबुलेटरी पेरीटोनीयल डायलिसिस) भी कहा जाता है। हीमो डायलिसिस में, मरीज के खून से टॉक्सिन और अतिरिक्त पानी को मशीन के माध्यम से फिल्टर किया जाता है। ज्यादातर मरीजों को हफ्ते में तीन बार डायलिसिस करवानी पड़ती है, और हर सेशन लगभग चार घंटे का होता है, जो डायलिसिस सेंटर में किया जाता है। कुछ मामलों में इसे घर पर भी किया जा सकता है, जिसे होम हीमोडायलिसिस कहा जाता है। सीएपीडी में, मरीज की अपनी पेरीटोनीयल मेम्ब्रेन (अब्डोमिनल कैविटी की परत) एक प्राकृतिक फिल्टर की तरह काम करती है। पेट में एक विशेष डायलिसिस फ्लूइड डाला जाता है और फिर इसे सर्जरी द्वारा लगाई गई नरम ट्यूब के माध्यम से बाहर निकाला जाता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर दिन में 3झ4 बार घर पर की जाती है। हर साइकिल लगभग चार घंटे की होती है और इसे मरीज खुद या मशीन की मदद से कर सकता है। हीमो डायलिसिस और सीएपीडी दोनों ही सुरक्षित और प्रभावी तरीके हैं। मरीज अपनी जीवनशैली और सुविधा के अनुसार कोई भी तरीका चुन सकते हैं। उन सीकेडी मरीजों के लिए जो किडनी ट्रांसप्लांट के लिए योग्य नहीं हैं या जब कोई डोनर उपलब्ध नहीं होता, सही तरीके से डायलिसिस करने पर लंबे समय तक जीवन बचाया जा सकता है। डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट झ नेफ्रोलॉजी ने आगे बताया की, जहां डायलिसिस से जीवन की अवधि बढ़ सकती है, वहीं किडनी ट्रांसप्लांट न केवल लंबी उम्र देता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बहुत बेहतर बनाता है। इस प्रक्रिया में, किसी जीवित या मृतक डोनर की स्वस्थ किडनी सर्जरी द्वारा मरीज में प्रत्यारोपित की जाती है, जिससे किडनी लगभग सामान्य रूप से काम करने लगती है। यह शरीर से अशुद्धियों को निकालने, पेशाब बनाने, एनीमिया सुधारने, ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने और हड्डियों तथा प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। आधुनिक दवाओं की उपलब्धता के कारण, जो प्रत्यारोपण के बाद किडनी के अस्वीकृति को रोकती हैं, किडनी ट्रांसप्लांट अधिकांश मरीजों के लिए बेहतर परिणाम देती है। यह जीवनशैली पर कम प्रतिबंध डालता है और अधिक सक्रिय जीवन जीने में मदद करता है। लंबे समय तक डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट के विकल्प में, किडनी ट्रांसप्लांट ही बेहतर विकल्प माना जाता है क्योंकि यह जीवन की अवधि और जीवन की गुणवत्ता दोनों में सुधार करता है। समय पर नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी विशेषज्ञ) द्वारा मूल्यांकन, सही इलाज का चयन और नियमित फॉलो-अप अच्छे परिणाम पाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। किडनी फेल्योर निश्चित रूप से एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन डायलिसिस और ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत किडनी देखभाल की तकनीकों के साथ कई लोग सालों तक जीवित रह सकते हैं और सक्रिय, सार्थक जीवन की उम्मीद कर सकते हैं।



# माँ कलेही मंदिर के समीप पतने नदी में घाट निर्माण की मांग


**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** नगर के समाजसेवी प्रहलाद बहरे एवं उनके साथीगणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पवई को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें माँ कलेही मंदिर के समीप बहने वाली पतने नदी में घाटों के निर्माण की माँग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पवई नगर की आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र माँ पतने नदी का सीमांकन कर गहरीकरण कराया जाए तथा नदी के दोनों किनारों पर क्रमशः नौ घाटों का निर्माण किया जाए। इन घाटों में महादेव घाट, बाबा घाट, राज घाट, पुल के चारों ओर घाट, शंकर जी के सामने घाट, माता कलेही मंदिर के सामने घाट, पटपरा घाट, दूल्हा धार पर घाट शामिल किए जाएं। साथ ही सीसी रोड निर्माण की भी माँग की गई है। समाजसेवियों ने यह भी आग्रह किया है कि नगर की गंदी नालियों का पानी पवित्र पतने नदी में न छोड़ा जाए, बल्कि इसे अन्यत्र प्रवाहित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि जीवनदायिनी माँ पतने नदी स्वच्छ एवं अविरल प्रवाहित रह सके।

दैनिक रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक
डिंडोरी जिले में जिला ब्यूरो नियुक्त करना है और सभी ब्लॉक स्तर पर एजेंसी देना है पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले संपर्क करें
संवाददाता भी नियुक्त करना है
प्रबंध संपादक
अतुल कुमार
7415685293
7509202320
प्रधान कार्यालय
आदि प्लाजा की पीछे, फ्लैट न. 03
सी ब्लॉक, शताब्दीपुरम MR-4 रोड उखरी
जबलपुर म.प्र.

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज से

**कटनी ।** राष्ट्रीय आयुष मिशन म.प्र. के निर्देश पर जिले के 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मंगलवार 14 अक्टूबर को "मौसमी बीमारियों में आयुष सेवायें" थीम के तहत प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बदलते मौसम से संबंधित रोगों की जांच, प्रकृति परीक्षण, उत्तम स्वास्थ्य हेतु आहार विहार, वर्तमान में होने वाले मौसमी बदलाव से होने वाले रोगों के उपचार की समीक्षा, योगाभ्यास, नियंत्रण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं दिनचर्या आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे-आमवात, संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का नि:शुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष रेजा ने बताया कि खरखरी, खितौली, गणेशपुर भुडसा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरनमेहगवां, मुरवारी एवं कछगवां जोबा, में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रेजा ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।




क्या आप दाद-खाज़, खुजली से परेशान है?
अब आपके शहर सिवनी में सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार सुप्रसिद्ध चिकित्सक द्वारा संभव
डॉ. हेमलता चांचरिया
BHMS, PGDCC, Cosmetologist
चर्म, केश, सौन्दर्य चिकित्सक
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक

दाद (दराद) खाज खुजली का ईलाज
* कील मुहाँसे का सफलतम ईलाज
* चेहरे का साँवलापन झाई एवं Chemical Peeling दाग धब्बे हटाये द्वारा
* तील एवं मस्सो का स्थाई ईलाज लेजर द्वारा
* चेहरे के अनचाहे बालों को हटाना बालों का झड़ना समय से पहले बाल सफेद होना गंजेपन का ईलाज (पी.आर.पी.) द्वारा
* सफेद दाग का सफल ईलाज दवाई एवं सर्जरी द्वारा।
* काली झाईयाँ, चेहरे के दाग धब्बे एवं गड्ढों का सफलतम ईलाज।
* एलर्जी, एग्जिमा, शरीर पर खुजली एवं सोरायसिस का सफल इलाज
* चेहरे के गड्ढे झुरियां एवं दाग का सफल ईलाज दवाई एवं Dermaroller द्वारा
रेवा फार्मेसी
पता: बरघट रोड़, गणेश चौक, सिवनी
Mob: 96696 52061, 88393 10065

# दीपावली के पहले मोहन सरकार दे सकती है डीए-डीआर

## केंद्र के कर्मचारियों को मिल रहा 58% डीए-डीआर, मप्र में 55%; कर्मचारियों ने फेस्टिवल एडवांस भी मांगा



भोपाल। केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 3% महंगाई भत्ता (ऊअ) और महंगाई राहत (ऊफ्र) दे दी है। इसे लेकर मध्यप्रदेश के कर्मचारी भी सक्रिय हो गए हैं। कर्मचारियों ने दीपावली से पहले 3% डीए एवं डीआर और बोनस देने की मांग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि दीपावली से पहले ये लाभ दे दिया जाए, ताकि कर्मचारियों के परिवार त्योहार खुशियों के साथ मना सकें। प्रदेश के कर्मचारियों ने फेस्टिवल एडवांस की राशि बढ़ाने की भी मांग की है। उधर, माना जा रहा है कि राज्य सरकार जल्द ही कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान कर सकती है।

10 लाख कर्मचारी-पेंशनर्स होंगे प्रभावित

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि दीपावली के अवसर पर हर घर में खर्च बढ़ जाता है। ऐसे में सरकार को कर्मचारियों को आर्थिक राहत देने के लिए बोनस के साथ 3% महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देना चाहिए। इससे प्रदेश के 10 लाख से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को लाभ मिलेगा। राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने भी सरकार से दीपावली से पहले महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की मांग की है।

प्रदेश के कर्मचारियों को मिल रहा 55% डीए वर्तमान में मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 55% की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। वहीं, केंद्र सरकार के कर्मचारी अब 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 58% डीए प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के कर्मचारियों का जुलाई 2025 से डीए ड्यू है।

### 29 साल से बंद बोनस देने की मांग

कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वर्ष 1996 से प्रदेश में बोनस बंद है, जबकि उस समय कर्मचारियों को 1079 रुपए तक बोनस के रूप में मिलता था। केंद्र और रेलवे आज भी अपने कर्मचारियों को दीपावली बोनस दे रहे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। यह फिर से शुरू किया जाना चाहिए।

संगठनों ने कहा कि सरकार एक ओर दावा करती है कि कर्मचारियों को केंद्र के समान सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन बोनस न देना ह्लकथनी और करनी में अंतरह्व दशार्ता है। कर्मचारी संगठनों ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव दीपावली से पहले कर्मचारियों को राहत देने का फैसला लेकर त्योहार की खुशियां दो गुनी करेंगे।

# मिडास हॉस्पिटल को अमेरिका के डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली

छिंदवाड़ा। नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक, वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी। इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे। वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा, जिसमें लिवर पर होने वाली




अत्याधुनिक एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी शामिल होगा। पिछले एक साल में इटली, फ्रांस, रवांडा, साउथ अफ्रीका, यूएई, ओमान और फिलीपींस सहित कई देशों के डॉक्टर मिडास हॉस्पिटल आकर अतिरिक्त प्रशिक्षण ले चुके हैं। मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मिली यह मान्यता नागपुर और मध्य भारत में विश्वस्तरीय गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और एंडोस्कोपी सेवाएं देने की इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत के डॉक्टरों के कौशल को बढ़ाना और एंडोस्कोपी में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धतियों को लागू करना है। मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर के डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. श्रीकांत मुकेवार ने कहा, हमें डॉ. कुलविंदर दुआ का स्वागत करते हुए खुशी और गर्व महसूस हो रहा है, साथ ही वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन से मिली इस मान्यता पर हमें गर्व है। डॉ. सौरभ मुकेवार, डायरेक्टर और सिनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताया,यह मान्यता मिडास हॉस्पिटल के एंडोस्कोपी प्रशिक्षण कार्य को और मजबूती देगी और इससे मरीजों के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र को भी बड़ा लाभ होगा। मिडास हॉस्पिटल के बारे में वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल नई चिकित्सा पद्धतियों और सहानुभूतिपूर्ण मरीज की देखभाल के माध्यम से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अत्याधुनिक सुविधाओं और उच्च कौशल वाले विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ, हमने हाल ही में वर्धा रोड, नागपुर में अपने नए 168-बेड वाले मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया है। यह सुविधा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक से सुसज्जित है, जो एक ही छत के नीचे समग्र स्वास्थ्य सेवाएं देती है।

मिडास हॉस्पिटल, नागपुर चिकित्सा उत्कृष्टता और रोगी-केंद्रित उपचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। मिडास हॉस्पिटल नागपुर और मध्य भारत के क्षेत्र में एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता है, जो मरीजों को सर्वोत्तम इलाज देने और चिकित्सा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे अनुभवी डॉक्टरों की टीम और अत्याधुनिक की वजह से मरीजों को बेहतर उपचार और संतोषजनक परिणाम मिलते हैं। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी क्षेत्र में 40 साल से अधिक की उत्कृष्टता की परंपरा बनाए रखने के बाद, अब मिडास हॉस्पिटल में कई सुपर स्पेशलिटी सेवाएं शुरू की गई हैं। इनमें कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस सहित), यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी, सायकेट्री, ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट, जनरलऔर लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गायनेकोलॉजी, ईएनटी, डमेटोलॉजी साथ ही लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी उच्च स्तरीय ट्रांसप्लांट सेवाएं शामिल हैं। मिडास हॉस्पिटल की ये सभी सुविधाएं मध्य भारत के मरीजों के लिए एक ही जगह उपलब्ध हैं, ताकि मरीज निश्चिंत रह सकें कि मिडास हॉस्पिटल, नागपुर उनके सभी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए एक भरोसेमंद हॉस्पिटल है।

# कोल्ड्रिफ के छिंदवाड़ा स्टॉकिस्ट ने मिटाए सबूत, केस होगा

## जबलपुर में होलसेलर का लाइसेंस निरस्त; रंगनाथन को लेकर तमिलनाडु गई एसआईटी

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप कांड की जांच का दायरा दवा कंपनी के मालिक और डॉक्टर के बाद अब होलसेलर और केमिस्ट तक पहुंच गया है। खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने एक रिपोर्ट पुलिस को सौंपी है, जिसमें दवा दुकानदारों पर सबूत छिपाने का आरोप लगाया गया है। इसी आधार पर पुलिस अब इन लोगों को मामले में सह-आरोपी बनाने की तैयारी कर रही है। छिंदवाड़ा में पुराना पावर हाउस इलाके में स्थित न्यू अपना फार्मा के संचालक राजेश सोनी कोल्ड्रिफ कफ सिरप के होलसेलर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिरप की बिक्री का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा। जांच टीम को बची हुई बोतलें भी जब्त करने के लिए नहीं दीं। एसपी अजय पांडे ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अब सबूत मिटाने के एंगल से जांच कर रही है। इनके खिलाफ जल्द ही केस दर्ज किया जा सकता है।

उधर, एसआईटी ने जबलपुर में श्रीसन फार्मा के महाकौशल डीलर और स्टॉकिस्ट कटारिया फार्मास्युटिकल का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया है। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गठित रक्ळ (विशेष जांच दल) रविवार शाम को मामले के मुख्य आरोपी और श्रीसन फार्मा के मालिक रंगनाथन गोविंदन को लेकर तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई। सोमवार को टीम रंगनाथन को पूछताछ के लिए चेन्नई स्थित उसकी फैक्ट्री लेकर पहुंची। एक टीम पहले से ही कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में जांच कर रही है। टीम वहां कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ-साथ उत्पादन, स्टॉक और कच्चे माल से जुड़े दस्तावेज जब्त कर रही है।

# नकली दवाओं पर नकेल कसने गठित होगी एन्फोर्समेंट सेल

## तुरंत एक्शन लेने की होगी पावर, हर जिला दवा मॉनिटरिंग सिस्टम और हैंडहेल्ड डिवाइस से होगा लैस

भोपाल। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 25 मासूमों की मौत ने आखिरकार सरकार को झकझोर दिया। अब प्रदेश में दवा निगरानी व्यवस्था को नया चेहरा देने की तैयारी शुरू हो गई है। डिप्टी सीएम डॉ. राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल में रविवार को छुट्टी के दिन बैठक बुलाई। जिसमें कहा गया कि अब हर गोली, हर सिरप की जिम्मेदारी तय होगी। कोई भी दवा जांच के बिना बाजार या अस्पताल तक नहीं पहुंचेगी।



**निगरानी के लिए बनेगा खास एन्फोर्समेंट सेल :** अब नकली या घटिया दवा बनाने और बेचने वालों की खैर नहीं। सरकार एक खास एन्फोर्समेंट और लीगल सेल बना रही है जो फील्ड से मिली रिपोर्ट के आधार पर तुरंत कार्रवाई करेगी। चाहे वह दवा जब्त करना हो या लाइसेंस रद्द करना।

इसमें काम करने वाले फील्ड से लेकर लैब तक काम करने वाले हर अफसर और कर्मचारी को ई-लर्निंग और ऑन-ग्राउंड ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे जांच की प्रक्रिया फास्ट, पारदर्शी और डिजिटल बनेगी।

**हर जिले में बनेगा दवा मॉनिटरिंग सिस्टम :** अब दवाओं की जांच सिर्फ भोपाल, इंदौर या जबलपुर की लैब में नहीं होगी। सरकार हर जिले में लोकल ड्रग मॉनिटरिंग यूनिट बनाएगी। यहां से लिए गए सैंपल की मौके पर जांच होगी और रिपोर्ट सीधे राज्य मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिला अस्पतालों और मेडिकल स्टोर डिपो में क्वालिटी कंट्रोल डेस्क बनाए जाएंगे ताकि किसी भी संदिग्ध दवा को तुरंत पकड़ा जा सके।

**फील्ड टीमों को मिलेंगे हैंडहेल्ड डिवाइस :** अब ड्रग इंस्पेक्टर को जांच के लिए लैब का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्हें हैंडहेल्ड टेस्टिंग डिवाइस दिए जा रहे हैं, जिससे सिरप या टैबलेट की क्वालिटी मौके पर ही जांची जा सकेगी। इन डिवाइस से दवा में मिलावट या केमिकल असमानता तुरंत पकड़ में आ जाएगी।

**नई भर्तियां और हाईटेक लैब के लिए दिया आदेश :** राज्य में डेटा एंट्री ऑपरेटर, सैंपलिंग असिस्टेंट, लैब असिस्टेंट और केमिस्ट के नए पद बनाए जा रहे हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर की दवा लैब में एचपीएलसी, जीसीएमएसएम, एलसीएमएस, यूवी और माइक्रोबायोलॉजी टेस्टिंग यूनिट्स लगाए जाएंगे। यानी अब हर सैंपल की वैज्ञानिक और माइक्रो स्तर पर जांच होगी।

**जवाबदेही से चलेगा सिस्टम :** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने साफ कहा, अब कोई दवा आंख बंद करके नहीं बिकेगी। हर बैच, हर सैंपल की जवाबदेही तय होगी। जो गलती करेगा, वो बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि नई योजना का मसौदा जल्द लागू किया जाएगा ताकि आगे किसी बच्चे की जान किसी जहरीले सिरप से न जाए। इस बार जांच और जवाबदेही दोनों फील्ड लेवल तक पहुंचाई जाएगी। ताकि गलती जहां हो, वहीं पकड़ी जाए।



# उत्तर में बर्फबारी से रात का पारा गिरा:रायसेन में गुलाबी सर्दी का एहसास

रायसेन। उत्तर में बर्फबारी से प्रदेश सहित रायसेन में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सुबह और रात में ठंडक बढ़ गई है। रायसेन सहित कई इलाकों में हल्की कोहरे की धुंध भी देखी जा रही है। मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार, उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी इसका मुख्य कारण है। उत्तर-पूर्व से आ रही हवाएं ठंडक बढ़ा रही हैं। वर्तमान में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। दिन और रात के तापमान में लगभग 14 से 15 डिग्री सेल्सियस का अंतर है, जिससे सुबह और देर शाम हल्की सर्दी का एहसास हो रहा है। रायसेन जिले में इस वर्ष अच्छी बारिश हुई है, जिससे सभी तालाब और बांध लबालब भरे हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह भी इस साल अच्छी ठंड पड़ने का एक कारण हो सकता है। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल ठंड की दस्तक जल्दी शुरू हो गई है, जो सामान्य से पहले गुलाबी सर्दी का एहसास करा रही है।

# 'उद्योग और रोजगार वर्ष' थीम पर मनेगा स्थापना दिवस

## एक नवंबर को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के नवाचारों का होगा प्रजेंटेशन, जिलों में भी होंगे कार्यक्रम

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश स्थापना दिवस (1 नवंबर) इस बार ह्लउद्योग एवं रोजगार वर्षह्व की थीम पर मनाया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश की दिशा में हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को स्थापना दिवस और अभ्युदय दिवस की तैयारियों को लेकर मंत्रालय में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि ह्लरोजगार के मंदिर हैं उद्योग की भावना के साथ-साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास और युवाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ने वाली



गतिविधियों को कार्यक्रमों में आकर्षक रूप से शामिल किया जाए।

**जिले और संभाग मुख्यालय पर भी होंगे कार्यक्रम :** डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि आयोजन में प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था में आई गतिशीलता पर भी प्रस्तुतीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि भोपाल में राज्य स्तरीय समारोह के साथ-साथ सभी जिलों और संभागीय मुख्यालयों पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर 2 और 3 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड पर महान नाट्य सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुति होगी।

**पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे :** बैठक में जानकारी दी गई कि भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे। वे श्रीकृष्ण भक्ति पदों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही ह्लविरासत से विकासह्व थीम पर शानदार ड्रोन शो और आतिशबाजी भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होंगे।

**जीएडी ने जारी किए निर्देश :** गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग सभी जिलों के कलेक्टरों और संभागायुक्तों को तैयारी के निर्देश जारी कर चुका है। जिला स्तर पर भी स्थापना दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक और नवाचार आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नीमपानी में ट्रैक्टर हादसे में युवक की मौत

बैतूल। भोपाल हाईवे पर नीमपानी के पास एक सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चौबरा ढाना निवासी निहाल अनिल बामने के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, निहाल मजदूरी करता था और कल शाम ट्रैक्टर से जा रहा था। इसी दौरान एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में निहाल ट्रैक्टर से गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई।

# सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ अभियान से उन्हें सशक्त और सबल बनाया है

## महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं

## नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने देवरीकलां में हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ अभियान चलाकर बालिका और महिलाओं को सशक्त व सबल बनाया है। आज महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर रोजगार स्थापित कर महिने में 15 हजार रुपये से 17 हजार रुपये तक की आमदनी कमा रही है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को नरसिंहपुर जिले की ग्राम पंचायत देवरीकलां में आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।


राज्यपाल श्री पटेल मंगुभाई ने कहा कि आज महिलाएं पुरूषों से भी अधिक परिश्रम कर रही हैं। स्वसहायता समूह के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित कर परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सरकार के द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर , सशक्त बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। प्रदेश की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों का शिक्षा स्तर बढ़ा है। स्कूलों में वार्षिक परीक्षाफल के बेहतर परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश में करोड़ों नागरिक गरीबी रेखा की सूची से बाहर आए हैं, जिसका श्रेय केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जाता है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। सरकार विकसित भारत के साथ स्वस्थ भारत के संकल्प को भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस दिशा में सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। नागरिकों को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज कराने के लिए आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों का भी लगातार उपचार किया जा रहा है। उन्हें पोषण आहार किट और दवाईयां दी जा रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिकल सेल की बीमारी को जड़ से समाप्त करना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच परीक्षण कर सिकल सेल बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे उनका सफल उपचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि सिकल सेल बीमारी के लिए आयुर्वेदिक दवाईयां भी दी जा रही है ।उनका डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड भी बनाया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिक अपने बच्चों या आसपास के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा जरूर पिलाएं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी को प्रदेश से समाप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सिकल सेल बीमारी से पीड़ित मरीजों की पहचान करना और उनका उपचार तथा पीड़ित परिवार की मदद करना शामिल है। उन्होंने बालिकाओं के संरक्षण में मनाए जाने वाले बालिका दिवस के बारे में भी बताया कि बालिका दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल को प्रदेश के नागरिकों की अत्यधिक चिंता है। यही वजह है कि वह प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। आप प्रदेश के दूरस्थ ग्रामों का भ्रमण करते हैं।धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी करते हैं। हम सभी को सतत मार्गदर्शन भी देते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी किया। उन्होंने 2120 स्वसहायता समूहों को 32 करोड़ 30 लाख रुपये का चैक प्रदानकिया। आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम में टीबी फूड बास्केट, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, स्वाइल्थ हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम का बड़ादेव का पूजन कर शुभारंभ किया।कार्यक्रम मेंआयोजित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत नवजात से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई।

# महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बनकर संभाल रही परिवार: राज्यपाल

## सरकार का लक्ष्य, नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले : जनसंवाद कार्यक्रम को किया संबोधित





**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** रविवार को महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ अभियान चलाकर बालिका और महिलाओं को सशक्त व सबल बनाया है। आज महिलाएं स्वसहायता समूह से जुड़कर रोजगार स्थापित कर महिने में 15 हजार रुपये से 17 हजार रुपये तक की आमदनी कमा रही है। राज्यपाल श्री पटेल रविवार को नरसिंहपुर जिले की ग्राम पंचायत देवरीकलां में आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बड़ादेव का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

### हितलाभ किया वितरित

राज्यपाल श्री पटेल ने आयोजित कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी किया। उन्होंने इस अवसर पर 2120 स्वसहायसता समूहों को 32 करोड़ 30 लाख रुपये का चैक प्रदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज महिलाएं पुरूषों से भी अधिक परिश्रम कर रही हैं। स्वसहायता समूह के माध्यम से अपना रोजगार स्थापित कर अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सरकार के द्वारा बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है। प्रदेश की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों का शिक्षा स्तर बढ़ा है। स्कूलों में वार्षिक परीक्षाफल के बेहतर परिणाम आ रहे हैं।

### नागरिकों को मिले बेहतर सुविधाएं

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। सरकार विकसित भारत के साथ- साथ स्वस्थ भारत के संकल्प को भी पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इस दिशा में सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। नागरिकों को 5 लाख रुपये तक निशुल्क इलाज कराने के लिए आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों का भी लगातार उपचार किया जा रहा है। उन्हें पोषण आहार किट और दवाइयां दी जा रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिकल सेल की बीमारी को जड़ से समाप्त करना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच परीक्षण कर सिकल सेल बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। जिससे उनका सफल उपचार किया जा सके।

### अभियान को बनाए सफल

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी नागरिक अपने बच्चों या आसपास के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की दो बूंद दवा जरूर पिलाएं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी को प्रदेश से समाप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सिकल सेल बीमारी से पीड़ित मरीजों की पहचान करना और उनका उपचार तथा पीड़ित परिवार की मदद करना शामिल है। उन्होंने बालिकाओं के संरक्षण में मनाए जाने वाले बालिका दिवस के बारे में भी बताया कि बालिका दिवस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।

### नागरिकों से सीधा संवाद

प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्यपाल मंगू भाई पटेल को प्रदेश के नागरिकों की अत्यधिक चिंता है। यही वजह है कि आप प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। आप प्रदेश के दूरस्थ ग्रामों का भ्रमण करते हैं और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से संवाद भी करते हैं। हम सभी को आपका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे। आयोजित हितग्राही जनसंवाद कार्यक्रम में टीबी फूड बास्केट, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## 60 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त 100 किलो महुआ लहान किया नष्ट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंवानी पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पाठा में मुखबिर के सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पाठापुरा के खेत मे मकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बना रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी जिसके परिणाम स्वरूप भारी मात्रा में शराब जप्त की गयी एवं शराब बनाने की सामग्री तथा महुआ लहान नष्ट किया गया है। आरोपी रू बटईलाल गौड निवासी पाठा से जप्ती 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त तथा शराब बनाने की सामग्री एवं 100 किलोग्राम महुआ लहान नष्ट किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुंगवानी, उप निरीक्षक संजय सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक विवेक तिवारी, करन पटेल, आरक्षक राम डेहरिया, अतुल राजनेगी की सराहनीय भूमिका रही है।

## नेमा समाज द्वारा मनाई गई निमी महाराज की जयंती

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस नेमा समाज द्वारा अपने आराध्य देव व आदिकुल जन्मदाता श्री निमी जी महाराज की जयंती गरिमामयी माहोल में मनाई गई। विगत दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः काल में सभी स्वजातीयजन नरसिंह मंदिर परिसर में एकत्रित हुए, यहां पर भगवान श्री नरसिंह जी का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। नरसिंह मंदिर परिसर से समाज के वरिष्ठ सदस्य कैलाशचंद्र नेमा द्वारा सभी उपस्थितजनों का तिलकवंदन कर व भगवा वस्त्रपट्टिका पहनाकर नेमाशक्ति वाहन रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में विशेष रूप से समाज की मातृशक्तियों की उत्साहजनक उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संध्याकालीन बेला में नगर के स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय के सभागार में समाज के अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल नेमा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमे समाज के नन्हे बालक बालिकाओं द्वारा फैंसी ड्रेस, भजन व गीत गायन, वादन, कविता एवम्‌ नृत्यों के माध्यम से धार्मिक, भक्तिभाव, राष्ट्रभक्ति और संस्कारों से सुसज्जित सामाजिक समरसता के भाव प्रकट किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में




मातृशक्तियों ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई और कृष्ण-यशोदा संवाद एवम्‌ सुदामा चरित्र लघु नाटिका का बहुत सुंदर मंचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमों में सहभागिता देने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक गरबा महारास की प्रस्तुति व प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर नेमा समाज के भवन निर्माण संबंधी कार्ययोजना की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने का एकमतेन व सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नेमा समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति व युवा जनों सहित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## प्रभारी मंत्री ने भावांतर योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक ली

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने के लिए भावांतर योजना को प्राथमिकता के साथ लागू की है, जिसका उद्देश्य किसानों को भावांतर योजना के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य, मंडी मॉडल भाव एवं दोनों के बीच की अंतर की राशि का भुगतान किया जा सके। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भावांतर योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व नर्मदापुरम सांसद चैधरी दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अन्य जनप्रतिनिधि,



अधिकारी, किसान और किसान संगठन से जुड़े सदस्य मौजूद थे। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने रबी एवं खरीफ फसलों में समन्वित या एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन संबंधी पम्पलेट का विमोचन किया।

## राष्ट्रीय कम मींस की परीक्षा का हुआ आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा संचालित राष्ट्रीय मींस कम मेरिट चयन परीक्षा शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित की गई परीक्षा में दर्ज 407 परिक्षार्थियों में से 359 परीक्षार्थी



उपस्थित एवं 48 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा वरिष्ठ कार्यालय के निदेशों एवं मंडल के नियम अनुसार संस्था प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा केंद्राध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण संपन्न हुई परीक्षा में शाला परिवार का पर्यवेक्षण के रूप में एवं अन्य परीक्षा कार्यों में अभूतपूर्व सहयोग रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर क्रिक्रेट मैच का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** खेल गतिविधि क्रिकेट मैच के द्वारा दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सशक्तिकरण का संदेश तथा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीनियर बालिका टीम एवं जूनियर बालिका टीम के बीच फाईनल मैच का आयोजन स्थान महिला महाविद्यालय के पीछे स्थित ग्राउंड पर किया गया। जूनियर बालिका टीम की कप्तान सुश्री पूजा नौरिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सीनियर बालिका टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 53 रन बनाए, जिसमें रश्मि कुर्मी द्वारा सर्वाधिक 23 रन



बनाए गए। सीनियर टीम की कप्तान मुस्कान जाटव ने कुल 12 रन बनाए। जवाब में बैटिंग करने उतरी जूनियर बालिका टीम कुल 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 51 रन बना सकी। जूनियर बालिका टीम में सर्वाधिक रन अंजली दीक्षित द्वारा 17 रन बनाए गए । इस तरह काफी रोमांचक मैच में सीनियर बालिका टीम ने 2 रन से लास्ट बोल पर मैच जीता। इस आयोजन में राधेश्याम वर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला नरसिंहपुर, श्रीमती पुष्पा मदकोरिया परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर एवं सुश्री अंशुल खरे सहायक प्रधान अध्यापक प्रोफेसर महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर द्वारा सभी छात्राओं से परिचय प्राप्त किया गया। पुरस्कार स्वरूप जूनियर टीम को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मोनो मुद्रित किये हुए सिल्वर मेडल व सीनियर बालिका टीम को गोल्डन मेडल प्रदान किये गये। सीनियर बालिका टीम से छात्रा सुश्री रश्मि कुर्मी को मेन ऑफ द मैच दिया गया एवं बेहतर प्रदर्शन पर जूनियर टीम की छात्रा सुश्री अंजली दीक्षित को पुरस्कृत किया गया। सीनियर टीम की कप्तान को प्रथम पुरस्कार से व जूनियर टीम की कप्तान को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग से उपस्थित श्री सौनिध य सराठे बाल संरक्षण अधिकारी, आशीष विश्वकर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, अंकुर नेमा आउटरीच वर्कर एवं अमित उमरे द्वारा पूरे आयोजन में विशेष सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत संचालित महिला सशक्त वाहिनी कक्षा की छात्राओं ने पार्टिसिपेट किया।

खेल/व्यापार

## रणजी ट्रॉफी के लिए बिहार की टीम घोषित, युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

पटना। वैभव सूर्यवंशी को बुधवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के शुरूआती दो राउंड्स के लिए बिहार की टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। टीम की कमान साकिबुल गनी को दी गई है। सीजन के शुरू होने से दो दिन पहले यह घोषणा हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आदेश के बाद बिहार क्रिकेट एसोसिशन (बीसीबी) को दो सदस्यीय चयन समिति में एक अस्थायी चयनकर्ता को जोड़ना पड़ा। बीसीबी को जल्द पांच सदस्यीय चयन समिति गठित करने का निर्देश दिया गया है। सूर्यवंशी की यह नियुक्ति उनकी शानदार फॉर्म के कारण हुई है। उन्होंने हाल ही में भारत अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शीर्षक्रम में तेज शुरूआत दी। उन्होंने ब्रिसबेन में पहले चार दिवसीय




मैच में 78 गेंदों में शतक जड़ा और तीन पारियों में 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। इससे पहले इंग्लैंड दौरे पर भी सूर्यवंशी का बल्ला खूब बोला था। उन्होंने वॉर्सेस्टर में 143 रन की पारी खेली, जो युवाओं के एकदिवसीय मुकाबलों में सबसे तेज शतक था। पांच मैचों में उन्होंने 174.01 की स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए और सीरीज के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे। 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने जनवरी 2024 में 12 वर्ष और 284 दिन की उम्र में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। अब तक वह पांच प्रथम श्रेणी मैचों में 10 पारियों में 100 रन बना चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक स्कोर 41 है। भारत अंडर-19 की प्रतिबद्धताओं के कारण उन्हें रणजी में लगातार खेलने का अवसर नहीं मिला है। इस साल की शुरूआत में सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन (38 गेंद) बनाकर इतिहास रचा था। वह पुरुषों के टी-20 में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने। आईपीएल 2025 में उन्हें 13 वर्ष की उम्र में चुना गया था, जिससे वह लीग के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने 7 मैच खेले, सभी में ओपनिंग की, और 206.55 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। बिहार ने 2024-25 रणजी सीजन में बेहद खराब प्रदर्शन किया था और टीम को एक भी जीत नहीं मिली। सात में से छह मैच हारने के बाद उन्हें केवल एक अंक मिला और टीम प्लेट ग्रुप में चली गई। बिहार अपना अभियान पटना में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ शुरू करेगा। उसका दूसरा मैच 25 अक्टूबर से नडियाद में मणिपुर के साथ होगा।

## सेंसेक्स, निफ्टी में शुरूआती कारोबार में गिरावट

नई दिल्ली। सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका के एक नवंबर से चीन की वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 451.82 अंक फिसलकर 82,049 अंक पर और एनएसई निफ्टी 109.55 अंक टूटकर 25,175.80 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, इन्फोसिस, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, मारुति और इटर्नल के शेयर लाभ में रहे।



एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.66 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 459.20 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# मोमिन ईदगाह प्रकरण में नया मोड़...प्रशासन ने सौंपी नयी कमेटी को कमान, हंगामे के बीच हुई कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** लंबे संघर्ष और जद्दोजहद के बाद आखिरकार मोमिन ईदगाह का चार्ज नयी कमेटी को सौंप दिया गया। सोमवार को प्रशासन और शासन की मौजूदगी में हुए इस हस्तांतरण में स्थिति अत्यधिक तनावपूर्ण रही। पुरानी कमेटी से जुड़े लोगों और एक्शन कमेटी ने चार्ज न देने को लेकर जबरदस्त विरोध दर्ज कराया, परंतु प्रशासन पूरी तैयारी के साथ मौजूद था।करीब 10 थानों का बल, दंगा नियंत्रण वाहन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थल पर तैनात रहे। प्रशासनिक सख़्ती के कारण किसी बड़े उपद्रव को टाल दिया गया। पुलिस ने मौके से 18 लोगों को गिरफ़्तार किया, जो नारेबाजी और रास्ता रोकने जैसी हरकतों में शामिल थे। कमाल की बात यह रही कि पुरानी कमेटी के तथाकथित पदाधिकारी इस पूरे घटनाक्रम के दौरान नदारद रहे ....

## चार्ज का दिन बना चार्जशीट का दिन .... प्रशासन ने तोड़ा ताला, नई कमेटी को मिला ईदगाह का अधिकार





न कोई मैदान में आया, न किसी ने जिम्मेदारी ली। सब अपने एसी कमरों में बैठकर हालात देखते रहे, जबकि उनके कुछ समर्थक और प्यादे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हैरानी की बात यह रही कि इस गिरफ़्तार समूह में पार्षद सफीक हीरा का नाम भी सामने आया, जिनकी वहां मौजूदगी कई लोगों के लिए आश्चर्य का विषय रही।

सूत्रों के अनुसार, सफीक हीरा लंबे समय से पुरानी कमेटी के कुछ सदस्यों के संपर्क में थे और उन्होंने आज खुलकर उनका समर्थन किया। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि चार्ज हस्तांतरण के बाद अब नई कमेटी जल्द ही अपनी कार्ययोजना को धरातल पर उतारेगी .... जिसमें महिला अस्पताल, मुसाफि रखाना और अत्याधुनिक मोमिन पब्लिक स्कूल जैसी योजनाएँ शामिल हैं, ताकि इस ऐतिहासिक संपत्ति का उपयोग समाज के हित में हो सके।

## मोमिन ईदगाह में चार्ज हस्तांतरण के दौरान हंगामा, पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में

मोमिन ईदगाह में सोमवार को उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई जब एसडीएम कोर्ट के आदेश पर नई कमेटी चार्ज लेने पहुँची। जिला प्रशासन और वक्फ बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात था। पुरानी कमेटी का कोई सदस्य मौके पर नहीं पहुँचा, लेकिन उनके समर्थक, जिन्हें एक्शन कमेटी कहा जा रहा था, ने विरोध प्रदर्शन किया और गेट पर धरना दे दिया। उनका आरोप था कि प्रशासन की कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत है। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन पहले से ही पूरी तैयारी में था। पाँच से अधिक थानों का बल, महिला और पुरुष पुलिसकर्मी, तथा वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। लंबे मान-मनौव्वल के बाद भी जब विरोधी समूह नहीं माना, तो प्रशासन ने ताला तोड़कर ईदगाह की संपत्ति का चार्ज नई कमेटी को सौंप दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे 18 लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस दौरान प्रशासनिक अमले ने जब कार्यालय का निरीक्षण किया तो वहां कोई दस्तावेज, रजिस्ट्री, चेकबुक या लेखा-जोखा नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार, पुरानी कमेटी ने रातों-रात सभी रिकॉर्ड अलग कर दिए ताकि पिछले कार्यकाल के वित्तीय लेन-देन की सच्चाई उजागर न हो सके। एसडीएम पंकज मिश्रा ने बताया कि पुरानी कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका था और वक्फ बोर्ड भोपाल ने जनवरी में नई कमेटी को चार्ज देने का आदेश जारी किया था। पुरानी कमेटी द्वारा टालमटोल के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत चार्ज दिलवाया गया। इस पूरी कार्रवाई में टीआई प्रतीक्षा मार्को और टीआई निलेश दोहरे की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। दोनों अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ संयम, सख़्ती और सूझबूझ से भीड़ को नियंत्रित किया और किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दिया। फिलहाल ईदगाह परिसर में शांति बनी हुई है, लेकिन प्रशासन ने अतिरिक्त बल तैनात कर स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

## ईदगाह की बिसात पर कौन चला आखिरी चाल?

कभी आपने शतरंज का खेल देखा होगा.... जहां राजा आराम से एक-एक घर खिसकता है, घोड़ा ढाई घर की हठी चाल चलता है, हाथी सीधा ङ्ख ऊंट अपनी तिरछी चाल में सबको मात देता है और प्यादे कंधा मारकर तिरछा गिरा देते है । मोमिन ईदगाह की आज की स्थिति भी कुछ वैसी ही लगी। जो असली खिलाड़ी थे.... पुरानी कमेटी के जिम्मेदार सदस्य.... वो अपने ए.सी. कमरों में बैठे रहे, जबकि उनके प्यादे यानी समर्थक एक्शन कमेटी के नाम पर गिरफ़्तारियां देते रहे। राजा आराम से घर में, और सिपाही सलाखों के पीछे.... यह दृश्य इस बात का प्रतीक है कि ईदगाह में खेल सिर्फ.धर्म या प्रशासन का नहीं, बल्कि हिस्सेदारी और हेराफेरी का था। असल सजा उन्हें मिलनी चाहिए थी जिन्होंने समाज को धोखे में रखा, लेकिन जेल गए वे जो मोहरे बन गए। शतरंज की यही बिसात बताती है.... जब चाल ईमान से नहीं, स्वार्थ से चली जाए, तो मात सिर्फ.खेल में नहीं, समाज में भी पड़ती है।

**मुहम्मद अनवार बाबू**

## कुदवारी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाया गया



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** तहसील अधारताल अंतर्गत ग्राम कुदवारी पटवारी हल्का नंबर 80 राजस्व निरीक्षक मंडल महाराजपुर में स्थित खसरा नंबर 135 रकबा 0.440 हेक्टेयर शासकीय भूमि के अंश रकबे 23.40=920 वर्गफुट पर अवैध अतिक्रमण पाया गया। जिस पर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का प्रकरण तहसील में सुनवाई कर अतिक्रमण हटाने का आदेश पारित किया गया। जिसके तहत आज तहसील अधारताल के राजस्व दल और थाना अधारताल के पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया।

## पराली प्रबंधन के साथ हाई टेक विधि से की जा रही मटर की बुआई का कृषि अधिकारियों ने किया अवलोकन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पाटन विकासखंड के ग्राम छितुरहा में युवा किसान अक्षय पटेल द्वारा पराली प्रबंधन के साथ की जा रही मटर की हाई टेक खेती का कृषि अधिकारियों ने आज सोमवार को अवलोकन किया। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बी टेक अक्षय पटेल द्वारा अपने खेत मे हैप्पी सीडर से मटर की बुवाई कराई जा रही है। हैप्पी सीडर से बुवाई में पराली जलाये की आवश्यकता नहीं होती और पर्यावरण को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। बताया कि हैप्पी सीडर में सीड ड्रिल के साथ रोटरी भी लगी होती है, इससे दो बार ट्रेक्टर चलाने की आवश्यकता नहीं होती और डीजल के साथ लागत में भी कमी आती है। उप संचालक कृषि के अनुसार अक्षय पटेल द्वारा मक्का की तुड़ाई के बाद हेरो का प्रयोग किया जाता है। यह मक्के की पौध को छोटे छोटे टुकड़ों में बाँट देता है और सुपर सीडर चलने से रोटरी उन टुकडों को मिटटी में मिला देती है जो खाद का भी काम करता है। कृषक अक्षय पटेल द्वारा पराली प्रबंधन के साथ हाई टेक पद्धति से की जा रही मटर की खेती का अवलोकन करने छितुरहा पहुँचे कृषि अधिकारियों में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पँकज श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय कृषि विकास अधिकारी हरीश बर्वे शामिल थे। इस दौरान अरविंद पटेल, मयंक पटेल, रामकृष्ण पटेल, कृष्ण ठाकुर, शिवकुमार, वीरेंद्र, भजनी चडार सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे। अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से पराली ना जलाने की अपील की तथा सुपर सीडर, हैप्पी सीडर जैसे यंत्रों का उपयोग करने की सलाह दी।

## कार ड्राइवर ने अचानक खोल दिया दरवाजा, इससे टकराकर गिरे पुलिस कांस्टेबल को लोडिंग गाड़ी ने रौंद दिया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रविवार को एक कार चालक की लापरवाही से पुलिस विभाग के हलवदार की मौत हो गई। मोटरसाइकिल से ड्यूटी जा रहे हवलदार डिलाइड टाकीज रोड पर पहुंचे थे। तभी सड़क पर खड़ी एक कार चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया। हवलदार की मोटरसाइकिल सीधे कार के दरवाजे से टकरा गई। जिससे वह मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गई। वह संभल पाते तभी मौके से गुजर रहे एक मालवाहक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया।

**थाना बरेला एवं थाना घमापुर पुलिस की कार्यवाही**

## अवैध शराब के कारोबार मे लिप्त 02 आरोपी गिरफ्तार

### 1 हजार 250 पाव अंग्रेजी शराब एवं 324 पाव देशी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त बुलेरो पिकअप वाहन जप्त





**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ/शराब के कारोबार में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आयुष गुप्ता (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सूर्यकात शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर श्री मधुर पटेरिया एवं डीएसपी ग्रामीण श्रीमति आकांक्षा उपाध्याय के मार्ग दर्शन में थाना घमापुर एवं थाना बरेला की टीमों द्वारा 02 आरोपी को 1 हजार 250 पाव अंग्रेजी एवं 324 पाव देशी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया है। थाना प्रभारी बरेला श्री अनिल पटैल ने बताया कि आज दिनांक 13-10-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक बुलेरो पिकअप माल वाहक जबलुपर तरफ से आ रही है जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन की जा रही है सूचना पर मेन रोड पर चैकिंग प्वाइंट लगाया गया दौरान चैकिंग के जबलपुर तरफ से आ रही पिकअप बुलेरो मालवाहक क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 5941 आते दिखी जिसे रोका गया चालक के बाजू में बैठा व्यक्ति वाहन से उतरकर भाग गया चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम शनि चक्रवर्ती पिता गोविन्द चक्रवर्ती उम्र 27 वर्ष निवासी गंज मोहल्ला बरेला बताया तलाशी लेने पर बुलेरो पिकअप वाहन में 25 पेटियों में शराब रखी मिली जिनमें 19 पेटी में जीनियस रम तथा 6 पेटी में गोवा अंग्रेजी शराब के कुल 1 हजार 250 पाव रखे मिले। आरोपी बुलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 5941 के चालक से 1 हजार 250 पाव अंग्रेजी शराब मय बुलेरो वाहन के जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त शराब कहां एवं किससे लेकर परिवहन की जा रही है के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

**उल्लेखनीय भूमिका-** आरोपी को अवैध रूप से बुलेरो पिकअप वाहन में शराब परिवहन करते हुये रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक चौकी प्रभारी गौर टेकचंद शर्मा प्रधान आरक्षक विसन सनोडिया, आरक्षक अनूप, अविनाश, संतोष की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी घमापुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि दिनांक 12/10/25 को देर रात विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना मिली की गोपाल होटल आशा चक्की के पास एक व्यक्ति काटूनों में भारी मात्रा में शराब लिये ग्राहक का इंतजार कर रहा है, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जहां एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम सुरेश स्वामी उम्र 45 वर्ष निवासी आशा चक्की के पीछे गोपाल होटल घमापुर बताया जो कब्जे में रखे काटूनों एक डिब्बा एवं बोरी में कुल 324 पाव देशी शराब कीमती 28 हजार 700 रुपए की रखी मिली। जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**उल्लेखनीय भूमिका-** आरोपी को अवैध देशी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में उप निरीक्षक अनुराधा परस्ते, आरक्षक सूरज, अजय की सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर सिंह ने लंबित पत्रों की समीक्षा के साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर दिये आवश्यक निर्देश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति, धान व कोदो, कुटकी उपार्जन की तैयारी, गिरदावरी का सत्यापन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि करंट से दो लोगों की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि सुनिश्चित हो जाये। समग्र ई-केवायसी को लेकर कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ की बैठक कर इस दिशा में प्रगति लायें। अब ठंड आने वाली है, अतः एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरा में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये। केन्टीन, होटल व दीनदयाल रसोई में समय-समय पर निरीक्षण करें और मावा व खाद्यान्न का सैंपल भी लें। बैठक में सूक्ष्म सिंचाई योजना, स्वावलंबी गौशाला, उर्वरक वितरण, ई-अटेंडेंस, जल जीवन मिशन की प्रगति, सड़क सुधार, पीएम आवास, पीएम जनमन, धरती आबा व जाति प्रमाण पत्र आदि के साथ आदि कर्मयोगी मिशन के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा वन ग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन, स्वरोजागर योजनाएं, छात्रवृत्ति, फेल ट्रांजेक्शन को रीचेक करने, स्कूलों, कॉलेजों में बालिकाओं के हीमोग्लोबीन टेस्ट करने के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। कलेक्टर सिंह ने कलेक्टर्स-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विषयों पर बैठक पर चर्चा कर कहा कि कई जगहों पर अनाधिकृत रूप से पटाखों का संग्रहण कर विक्रय करते हैं, अतः इस पर कार्यवाही करें। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अमानक व मिलावटी पदार्थों पर कार्यवाही करें, इसके लिए बस स्टैंड के साथ-साथ अन्य स्थलों पर भी जांच की जाये। इस दौरान उन्होंने कृषि व कृषि संबंद्ध विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पशुधन संवर्धन के लिए विभाग के निर्देशांनुसार आवश्यक कार्यवाही करें। मत्स्य विकास की दिशा में कार्य करें। एक बगिया मां के नाम, फसल अवशेष प्रबंधन, बाहर से आने वाली मशीनों में एसएमएस सिस्टम अवश्य लगवाने आदि के संबंध में भी चर्चा की गई।




म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)



म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स, वार्ड वॉय, आया बाई, फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो. जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556, 9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers
Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592

# संकल्प महाविद्यालयबने किया अलार्ड यूनिवर्सिटी पुणे के साथ टडव, मिलेगा उच्चस्तरीय शिक्षा और रोजगार के अवसर

## शिक्षा से रोजगार तक की यात्रा को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर ने एक ऐतिहासिक पहल की है। महाविद्यालय ने पुणे (महाराष्ट्र) स्थित प्रतिष्ठित अ"१ िवल्ल५ी१२३८ के साथ टीङ्ग१ल्लर्४ि ङ्गा वल्लीी१२३ल्लर्ल्लि (टडव) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, प्रायोगिक प्रशिक्षण और करियर निर्माण के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संकल्प महाविद्यालय का उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रायोगिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना रहा है। इस टडव के तहत दोनों संस्थान शिक्षा, अनुसंधान, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण और इंडस्ट्री बेस्ड प्रोग्राम्स के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे। इससे विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक, आधुनिक शिक्षण पद्धति और प्रायोगिक अनुभव का लाभ मिलेगा। इस समझौते के तहत निम्न प्रमुख बिंदुओं पर सहयोग किया जाएगा, फैकल्टी एक्सचेंज एवं स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम, जॉब ओरिएंटेड कोर्सेस और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग,सेमिनार, वर्कशॉप एवं जॉब फेयर का आयोजन, रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर संयुक्त कार्य, ऑन-कैंपस और ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव्स, करियर काउंसलिंग और इंटरव्यू प्रिपरेशन सेशन, इन पहलों से छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति के ठोस अवसर भी मिलेंगे। इस समझौते के बाद संकल्प महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अलार्ड यूनिवर्सिटी की तकनीकी, प्रयोगात्मक और शोध आधारित सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को अब पुणे विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संसाधनों, ऑनलाइन कोर्सेस, वर्चुअल ट्रेनिंग, प्रोजेक्ट असाइनमेंट और इंडस्ट्री एक्सपोजर का भी अवसर मिलेगा। साथ ही, दोनों संस्थान मिलकर पैरामेडिकल, कंप्यूटर एप्लीकेशन, होटल मैनेजमेंट, कॉमर्स, साइंस और मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर ओरिएंटेड कोर्सेस शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को अपने विषय में गहन जानकारी और रोजगार योग्य कौशल दोनों प्राप्त होंगे। अलार्ड यूनिवर्सिटी, पुणे और संकल्प महाविद्यालय, अनूपपुर के बीच हुआ यह टडव शिक्षा जगत में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह समझौता न केवल संस्था की प्रगति का प्रतीक है बल्कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नई राह भी खोलता है। इस पहल से अनूपपुर जिले में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में अग्रसर किया जा सकेगा। संकल्प महाविद्यालय ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सच्चे संकल्प और समर्पण के साथ शिक्षा को समाज के विकास से जोड़ा जा सकता है। संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर का यह कदम शिक्षा से रोजगार तक की यात्रा को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।



## 7 नग मवेशी को पुलिस ने पीकप सहित किया जब्त, मामला दर्ज, आरोपी फरार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले में थाना प्रभारी अमर वर्मा के मार्गदर्शन में रात्रि गस्त के दोरान मुखबिर द्वारा सूचना ग्राम मुण्डा में प्राप्त हुई की (छ.ग.) वरघाट तरफ से खालबहरा होकर पीकप में मवैशी भैंसा लोड़ कर आ रहा है, सूचना पर रेड कार्रवाई की गई जो पुलिस की गाड़ी देखकर उक्त पिकअप वाहन का चालक पिकअप को रास्ते में रिवर्स होकर चालक तेजी से खालबहरा आंगनबाड़ी के पास दीवार किनारे सटा दिया एवं पीकप से उतरकर चालक अंधेरे में भाग गया, तब पुलिस स्टाफ ने पीकप चालक की तलाश किये जो नही मिला, पीकप चेक किये तो एक सफेद रंग की पीकप जिसका रजि. नं. टढ 19`छ 5329 की बोलेरो पीकप मैक्स वाहन जिसमें क्षमता से अधिक मवैशी भैंसा एवं भैंस क्रूरता पूर्वक सींग से पैर वांध कर उपर से रस्सी से कसकर सटाकर बांधे हुये पाये गये जो क्रुरता पूर्वक रस्सी सें बंधे हुये ठुंस-ठुंस कर भरे हुये थे, जिनको हिलने डुलनें व सांस लेने में बहुत तकलीफ होने कारण, यह कृत्य पृथम दृष्टया धारा 11 घ पशु क्रुरता अधिनियम का अपराध पाये जाने से 05 नग भैंसा कीमत 1 लाख 25 हजार रू एवं एक नग भैंसा कीमत 15 हजार रू का एवं एक नग भैंस कीमती 30 हजार रुपए की वोलेरो पीकप कीमती 4 लाख रू की कुल मवैशी 07 नग कीमती 170000/- की मौके पर समक्ष उपरोक्त गवाहन के मताबिक जप्ति पत्रक के जप्त किया गया।

## बोनस और पीएफ नहीं मिलने से ठेका मजदूरों का बड़ा आंदोलन, खदानों में काम पूरी तरह बंद




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसी एल जमुना कोतमा क्षेत्र की 9/10 नंबर खदान में ठेका मजदूरों ने बोनस और भविष्य निधि (पीएफ) नहीं मिलने के विरोध में सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मजदूरों ने खदानों में कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने लगा है। मजदूरों का कहना है कि उन्हें लंबे समय से बोनस और पीएफ का भुगतान नहीं किया गया है। कई बार प्रबंधन को ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। इसके चलते मजदूर अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। मजदूरों ने प्रबंधन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि ह्लजब तक हक नहीं मिलेगा, तब तक काम नहीं होगा। यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं, तो मजदूरों ने चेतावनी दी है कि उत्पादन पूरी तरह ठप रहेगा। जमुना-कोतमा क्षेत्र की इन खदानों में सैकड़ों ठेका मजदूर कार्यरत हैं, जिन पर कोयला उत्पादन की मुख्य जिम्मेदारी रहती है। हड़ताल के चलते कोयला आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय श्रमिक संगठनों ने भी मजदूरों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा है कि श्रमिकों को उनका हक मिलना चाहिए। उन्होंने प्रबंधन से जल्द समाधान निकालने की अपील की है, ताकि स्थिति सामान्य हो सके और उत्पादन फिर से शुरू किया जा सके।

# कपड़े की रस्सी के सहारे पुल से लटककर ले रहा था सेल्फी, नदी में बह गया छात्र, नहीं चला पता



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले में सेल्फी लेना इतना महंगा पड़ा कि जान पर बन आई। पुल से लटकर सेल्फी ले रहा छात्र नदी की तेज बहाव में बह गया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका अब तक सुराग नहीं मिला। यह हादसा न केवल लापरवाही बल्कि सेल्फी के खतरनाक जुनून की भी सच्ची तस्वीर पेश करता है। जानकारी के अनुसार, छात्र अंश अपने तीन दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने नवलपुर स्थित सोन नदी घाट गया था। पुल के नीचे कपड़े की रस्सी के सहारे लटककर अंश सेल्फी ले रहा था। इस दौरान ऊपर खड़े दोस्त उस कपड़े की रस्सी को पकड़े हुए थे। वीडियो में साफ दिख रहा है कि अंश बार-बार दोस्तों से उसे ऊपर खींचने की गुहार लगा रहा था, लेकिन साथी हंसी-मजाक में लगे रहे। तभी अंश का संतुलन बिगड़ा और वह तेज धार में बह गया। घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में अंश के चीखते हुए मदद मांगने और दोस्तों के ठहाके लगाने के दृश्य दिल दहला देने वाले हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने जब तक मदद की कोशिश की, तब तक छात्र गहरे पानी में समा चुका था। वहीं घटना के बाद मौके पर सोहागपुर थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बावजूद अब तक अंश का कोई सुराग नहीं लग सका है। स्थानीय लोग इस घटना को दोस्तों की घोर लापरवाही और प्रशासनिक चेतावनी की अनदेखी का नतीजा बता रहे हैं। सोन नदी घाट पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था आज भी नदारद है।

## जंगल में युवक का मिला अधजला शव, हत्या की आशंका, बैंक में रुपए जमा करने निकला था घर से



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के ब्यौहारी में घर से बैंक पैसा जमा करने निकले युवक की हत्या कर उसके शव को जलने की कोशिश की गई है। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र की है, जंगल में सर्चिंग के दौरान शव देख वन कर्मी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची। शव देख ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि युवक पर पहले पत्थर से हमला किया गया और हत्या के बाद शव पर आग लगाई गई है। युवक घर से लापता था, जिसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से दर्ज कराई थी। घर से लापता युवक का शव जंगल में अधजला मिला है। हत्या की पुलिस ने बात कही है। मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार साहू (23) निवाशी बिजही थाना ब्यौहारी का रहने वाला था। वह 10 अक्तूबर को घर से दोपहर 12 बजे ब्यौहारी बैंक 12 हजार रुपये जमा करने निकला था। पुलिस को परिजनों ने बताया कि एक ईएमआई की किस्त थी, जिसको लेकर राजकुमार घर से पैसे लेकर बैंक जमा करने निकला, लेकिन वह घर नहीं लौटा। दोपहर 3:00 बजे मां से उसकी बात हुई जिस पर राजकुमार ने कहा कि मैं घर जल्द आता हूं। उसके बाद परिजनों से राजकुमार का संपर्क नहीं हुआ और वह घर से लापता हो गया। दूसरे दिन 11 अक्तूबर को परिजन थाने पहुंचे और गुम इंसान दर्ज करवाया। पुलिस ने राजकुमार के लापता होने पर मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू की। ब्यौहारी के शहडोल रीवा मार्ग पर हनुमान घाटी मुख्य सड़क से लगभग 500 मीटर अंदर जंगल में युवक का शव मिला है। शव के ऊपर पत्ते रख शव को जलाने की कोशिश की गई है।

## ट्रेन का ठहराव न होने से जनता नाराज सांसद से रेल मंत्री तक पहुंचाने की मांग तेज




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** कोयला उद्योग नगरी क्षेत्र के नागरिकों में इन दिनों भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंबिकापुर-दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज कोतमा रेलवे स्टेशन पर नहीं होने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने इस विषय पर कई बार अपने सांसद महोदय का ध्यान आकर्षित कराया, लेकिन उनकी बात अब तक रेल मंत्री तक नहीं पहुंच पाई है। कोतमा क्षेत्र कोयला खदानों के लिए प्रसिद्ध है और इसे "काले हीरे की खान" कहा जाता है। यहां से देश के विभिन्न हिस्सों में कोयले की आपूर्ति होती है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। बावजूद इसके, इस क्षेत्र की अनदेखी किए जाने पर आमजन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कोतमा जैसे औद्योगिक और जनसंख्या वाले क्षेत्र को रेलवे स्टॉपेज की सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं है। यदि अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन का ठहराव कोतमा में किया जाए तो हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी और रेलवे को भी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि सांसद महोदय इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही रेल मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि कोतमा रेलवे स्टेशन पर अंबिकापुर-दिल्ली ट्रेन का स्थायी ठहराव सुनिश्चित किया जा सके।

## नगर में प्रवेश कर रहे भालू को लेकर की गई कार्यवाही की मांग, सुरक्षा के लिए भालू का शीघ्र किया जाए रेस्क्यू



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के वन पर क्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत कच्छ क्रमांक आर एफ 456 एवं पी 460 तथा उसके आसपास जमुना कॉलोनी वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में पिछले तीन चार माह से जंगली वन प्राणी भालू रिहायशी क्षेत्र में निरंतर प्रवेश कर है। और इसके पूर्वी कई बार भालू की दस्तक इस क्षेत्र में हो चुकी है भालू के क्षेत्र में निरंतर आगमन होने से जहां क्षेत्र में रहने वालों के जान माल पर खतरा बना हुआ है तो वही संरक्षित वन प्राणी भालू के जीवन पर भी खतरा बना हुआ है ऐसी स्थिति में मानव जीवन एवं बन प्राणी के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल रिहायशी क्षेत्र में निरंतर विचरण करने वाले वन प्राणी भालू को पड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह ने उपरोक्त मांग पत्र वन मंडल अधिकारी अनूपपुर को देते हुए कहां की भालू के क्षेत्र में हो रहे निरंतर प्रवेश की जानकारी पत्राचार दूरभाष तथा फोटो वीडियो के माध्यम से वन मंडल अधिकारी एवं उनके अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हमारे तथा क्षेत्र के लोगों के द्वारा दिया जा रहा है लेकिन वन मंडल अधिकारी एवं उनके अधिनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में विचरण कर रहे वन प्राणी भालू को पकड़ने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं जिसके कारण क्षेत्र में जहां लोगों में भय का वातावरण निर्मित है तो वही उनके जान माल का खतरा निरंतर बना हुआ है इतना ही नहीं अपने बचाव में कहीं क्षेत्र की जनता भालू के जीवन को चोट पहुंचा ना दे इसलिए समय रहते भालू को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाना जनहित में होगा। वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह ने जनहित एवं वन प्राणी हित को ध्यान में रखते हुए अनूपपुर वन मंडल अधिकारी को पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है कि अति शीघ्र विशेष दल का गठन कर क्षेत्र में प्रवेश कर रहे भालू को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए।

## रिश्वत के 3 हजार लेते रंगे हाथों पकड़ा गया सहायक उप निरीक्षक, लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के धनपुरी नगरपालिका में भ्रष्टाचार का खेल एक बार फिर उजागर हुआ है। लोकायुक्त रीवा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) इंद्र बहादुर सिंह उर्फ आई.बी. सिंह को 3,हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 2 निवासी योगेंद्र वर्मा से भवन निर्माण की स्वीकृति के नाम पर 10,हजार की रिश्वत मांगी गई थी। लंबे मोलभाव के बाद यह रकम 5,हजार तय हुई। योगेंद्र वर्मा ने पहली किस्त 2,हजार पहले ही दे दी थी, जबकि दूसरी किस्त 3,हजार देते वक्त लोकायुक्त टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया। लोकायुक्त की 15 सदस्यीय टीम ने धनपुरी नगरपालिका परिसर में दबिश दी और मौके से रिश्वत की रकम बरामद की। बताया जा रहा है कि एएसआई के साथ नगरपालिका का स्थाई कर्मचारी रज्जन चौधरी भी इस घूसखोरी में शामिल था। लोकायुक्त की टीम ने दोनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान नगरपालिका में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारी कार्यालय से गायब हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि धनपुरी नगरपालिका में रिश्वतखोरी और मनमानी लंबे समय से जारी है। यह कार्रवाई ऐसे तंत्र पर करारा प्रहार मानी जा रही है।



## लूट के इरादे से घर मे घुसे नकाबपोश लुटेरों ने दंपत्ति पर किया प्राणघातक हमला



दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर। किरनापुर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत किन्ही पुलिस चौकी के ग्राम चतुरटोला मे 12 से 13 अक्टूबर की दरमियानी रात्रि नकाबपोश अज्ञात लुटेरो ने लूट की मंशा से एक घर में घुसकर लूट का प्रयास किया है इस दौरान घर में सो रहे दंपति पति-पत्नी की आंख खुल गई तो उन्होंने शोर मचाना शुरू किया इस दौरान अज्ञात लुटेरों ने पति-पत्नी पर धारदार हमले से प्राण घातक हमला कर वहां से फरार हो घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चतुरटोला निवासी पुरूषोतम कापसे के मकान में बीती रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात व्यक्तियों जिनकी संख्या 6 से 7 होने की आशंका जताई जा रही है। रात्रि के समय मे अचानक घर मे घुस कर सामान तलाशने लगे आहट मिलने पर घर के लोग नींद से जाग गए जिस पर लुटेरों ने धारदार हथियार से प्राण घातक हामला कर दिया। हमले में पुरुषोत्तम कापसे को गंभीर चोटे, आई है तो उसकी पत्नी पुष्पलता कापसे गर्दन मे घातक हथियार, दादाजी मदनलाल कापसे पर भी प्राण घातक वार किया गया। घर के सभी परिवार जाग उठे फिर बिच बचाव करने पर अज्ञात व्यक्ति भाग निकले है। देखने पर घर मे कई सामान बिखरे पड़े हुए थे।घायल पिता बेटा बहू को मौके पर नागपुर रेफर कर दिया गया है। वही ग्रामीणों द्वारा दबी जुबान से इस पूरे मामले को डबल मनी से जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल आगे मामले में पुलिस विभाग की टीम एवं डॉग स्कॉट द्वारा घटना स्थल पर पहुंची तथा पुलिस द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना ने 13 अक्टूबर को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारीअभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, अपर कलेक्टर डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टरराहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।



### आदि कर्मयोगी अभियान के ग्रामों में आदि सेवा केंद्र प्रारंभ करें

बैठक में सर्वप्रथम आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के चिन्हित 347 ग्रामों के एक्शन प्लॉन पर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामों का विलेज एक्शन प्लॉन तैयार कर शीघ्र पोर्टल पर अपलोड करें। सभी ग्रामों में आदि सेवा केंद्र प्रारंभ कर उनका संचालन सुनिश्चित करें।

### कस्टम मिलिंग का चावल जमा नही करने वाले राईस मिलर्स पर लगेगी पेनाल्टी

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के बाद अब तक चावल जमा नही किया गया है, उनके विरूद्ध पेनाल्टी लगाने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही निर्देशित किया गया कि राईस मिलों में उपलब्ध धान के स्टॉक का सत्यापन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान बताया गया कि 18 राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के बाद चावल जमा नही किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राईस मील के निरीक्षण की रिपोर्ट लिखित में प्रस्तुत नही करने पर जिला आपूर्ति अधिकारी एवं संबंधित नायब तहसीलदार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर से कहा कि चावल जमा नही करने वाले राईस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाने की फाईल शीघ्र प्रस्तुत करें।

### चेक पोस्ट पर धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे

बैठक में सभी एसडीएम एवं मंडी के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि चेक पोस्ट से धान एवं अन्य कृषि उपज की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखें। चेक पोस्ट पर वाहनों की नियमित रूप से जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि धान का अवैध रूप से परिवहन नही होना चाहिए। इस दौरान रबी सीजन में उत्पादित धान एवं मंडी में विक्रय किये गए धान की मात्रा का मिलान करने के निर्देश दिये गए। मंडी सचिवों को निर्देशित किया गया कि जिले की मंडियों के शेड एवं भवन आदि की मरम्मत का कार्य कराए। मंडी में उपलब्ध दुकानों का शीघ्रता से आवंटन करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले के 01 लाख 27 हजार 518 किसानों का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने पंजीयन कराने वाले किसानों के रकबे का शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से जिले में कोल्ड्रिफ सिरप के उपयोग संबंधी जानकारी एकत्र करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा किये जा रहे सर्वे को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में श्रीसन कंपनी की दवाओं को सीज किया जाए और जिले में अमानक दवाओं की बिक्री न होने दे। इसके लिए ड्रग इंस्पेक्टर को नियमित रूप से मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि जिले से श्रीसन कंपनी की 19 दवाओं के सैम्पल जांच के लिए भेजे गए है और इन्हें सीज कर दिया गया है।

### खाद्य सामग्री विक्रेता प्रतिष्ठानों की वर्ष भर नियमित रूप से जांच की जाए

बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे केवल त्यौहारों के समय ही नही बल्कि वर्ष भर नियमित रूप से खाद्य सामग्री के सैम्पल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों में गंदगी या अस्वच्छता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए जिले में ईट-राईट-कैम्पेन चलाने के निर्देश दिये गए।

### शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगाना सुनिश्चित करें

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि शालाओं में अतिथि शिक्षकों के साथ ही नियमित शिक्षकों की ई-अटेंडेंस शत प्रतिशत लगाना सुनिश्चित करें। ई-अटेंडेंस में कम प्रगति पाए जाने पर इन अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को कराते प्रशिक्षण में नियम विरूद्ध दी गई राशि की 10-15 दिनों में शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिये गए।

### आधार कॉर्ड बनाने वाले सभी केंद्र शीघ्र प्रारंभ करें

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले में आधार कार्ड बनाने वाले सभी मशीनों को शीघ्रता से चालू करे और इसके लिए ऑपरेटर की भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि पूर्ण हो चुकी नल जल योजनाओं में शत प्रतिशत हितग्राहियों को एफएसटी कनेक्शन देने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। उपसंचालक पशु चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा से एक-एक ग्राम का चयन कर उसमें शासन की सभी योजनाओं का 100 प्रतिशत सेच्यूरेशन करें। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को वन अधिकार पट्टो के लंबित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण कराने एवं संत रविदास, टंट्या मामा, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में ऋण वितरण के शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

### लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में होगी जुर्माने की कार्यवाही

बैठक में नगर पालिका बैहर, मलाजखंड एवं बालाघाट को प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रकरणों में शीघ्रता से ऋण वितरण कराने कहा गया। मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिले में बिजली के नीचे लटकते तारों को शीघ्रता से ठीक कराए, जिससे भविष्य में किसी तरह की दुर्घटना न हो। इस दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में 500 कनेक्शन किये जा चुके है। बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को जिम्मेदारी के साथ तत्परता से निराकरण करें। इसी प्रकार लोकसेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण नही करने पर जिम्मेदार अधिकारी पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई।

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट में दो दिवसीय भव्य गरबा उत्सव संपन्न, सांस्कृतिक उल्लास का बना अद्वितीय उदाहरण

दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट। सरदार पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट में दो दिवसीय भव्य गरबा उत्सव का सफल आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इंजीनियर दिवाकर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस गरबा महोत्सव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्थानीय नागरिकों के मध्य एकता, उत्साह एवं परंपरा की भावना को और मजबूत किया।





गरबा उत्सव में मुंबई से स्पेशल गेस्ट धर्मेश येलांडे एक मशहूर भारतीय डांसर, कोरियोग्राफर और अभिनेता हैं तेजस वर्मा एक भारतीय युवा डांसर और डांस रियलिटी शो कलाकार हैं ने मचाया धमाल लाइव डांस सेशन में युवाओं को गरबा की नई ऊर्जा से जोड़ दिया दोनों कलाकारों की जुगलबंदी ने स्टेज पर जबरदस्त माहौल बना दिया।

इस रंगारंग आयोजन में गरबा की ताल पर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे युवाओं ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने समूचे वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

गरबा महोत्सव में बालाघाट-सिवनी क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं के सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रेरणास्पद बताया। आयोजन समिति ने इस दो दिवसीय उत्सव में शामिल सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। समिति ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि युवा वर्ग भारतीय परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखे।

कार्यक्रम ने न केवल गरबा नृत्य को परंपरा को जीवंत किया, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक एकता और उत्सवधर्मिता का भी परिचय दिया। गरबा उत्सव में सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के कुलाधिपति इंजी दिवाकर सिंह प्रति कुलाधिपति वीरेश्वर सिंह कुलसचिव डॉ स्वाति जायसवाल कार्यकारी निर्देशक डॉ मंजीत सिंह उप परीक्षा नियंत्रक सूर्यप्रताप सिंह चंद्रप्रताप सिंह सभी विभागों के निर्देशक विभागाध्यक्ष प्राध्यापकगण शैक्षणिक अशैक्षणिक कर्मचारी छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

## एरियस का भूगतान न होने पर दिपावली अवकाश में धरना देगा आजाद अध्यापक शिक्षक संघ

### संकुल व बीईओ कार्यालय की लचर व्यवस्था पर सौंपा ज्ञापन



दैनिक रेवांचल टाइम्स किरनापुर। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक किरनापुर द्वारा अध्यक्ष संतोष जामरे के नेतृत्व में 13 अक्टूबर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर को अपनी विभिन्न लम्बित मांगों का ज्ञापन सौपा गया। इस सम्बन्ध मे अध्यक्ष संतोष जामरे ने बताया कि कि किरनापुर ब्लॉक के बहुत से शिक्षक साथियों के विभीन्न प्रकार के -एरियस का भूगतान गत 2 वर्षो से लम्बित है, कई बार संकुलों और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामलिय में ज्ञापन सौपा गया।

किन्तु ऐरियस का भूगतान नही हुआ।वर्तमान माह में हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार दीपावाली है यदि इस प्रमुख पर्व के पहले हमारे समस्त एरियस का भुगतान नही होता है तो आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लाक किरनापुर की समस्त कार्यकारिणी अवकाश में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदेशन करेगी। संघ के उपाध्यक्ष रुपलाल उईके ने बतलाया कि विगत क्षणी सक्र्यालति आदेश होने के बाद भी आज तक बहुत से शिक्षको को पूर्णरुपेण एरियस अप्राप्त है, उन्होंने जिला कलेक्टर महोदय से मांग की है कि एरियस लम्बित रखने वाले बाबू व अधिकारी से दो वर्षो का ब्याज लिया जायें और इन्हें लम्बित रखने की सजा भी दी जाये जिससे कि ऐसा करने की अगली बार सोचे भी नही अनेको बार संकुला व बीईओ कार्यालय में ज्ञापन दिय किन्तु हल नहीं निकला जो साथी लिपिकों व अधिकारियो से व्यक्तिगत मिलते है, उनका उनका एरियस पूर्ण रूप से निहाल दिया जाता है। हमोर शिक्षक साथी साथी एरियल नही मिलने से मानसिक मानसिक द आर्थिक रूप से परेशान है और ऊल इस दिपावली जैसे प्रमुख पर्व पर भी इन्हें-नहीं होता है, तो निश्चीत ही बकाया एरियस जप्त नहीं हम अवकाश के दिनों में कार्यालय के समय धरना।

प्रदर्शन बाध्य होगे और इसी सम्पूर्ण जिम्मा जिम्मेवारी संकुल व बीईओ कार्यालय की होगी। भागे संघ कोषाध्यक्ष प्रफोड धामने ने बतलाया कि हमोर बहुत से साथियों को एचआरए का लाभ प्राप्त हो रहा था, जिसे नियम विरुद्ध तरिके से रोक दिया गया है, और ब्योर शिक्षक साथी परेशान हो रहे है। एचआरए के स्पष्ट निर्देश जिला शिक्षा अधिकार अधिकारी महोदय के होने के बाद भी रोक लगाना यहाँ के अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी से भी आगे है। वही एक महिला शिक्षिका की वेतन अनावश्यक रूप से रोक दी गई है यहा मनमर्जी की सरकार चल रही है न तो जिला शिक्षा अधिकारी और न ही कलेक्टर महोदय की सुनी जाती है।

बहुत से साथियों के अनुमोदन कोष व लेखा जबलपुर से होना शेष है, अनुमोदन नहीं होने का कारण जानकारी त्रुतिपूर्ण भेजना जानकारी भेजी जाती है। हमारे बहुत वे शिक्षक एरियस न मिलने से कफी परेशानी महसूस कर रहे है। इसलिए हम दीपावली अवकाश में 20-10-25 से बीईओ कार्यालय किरनापुर के समक्ष अपनी मांगो के निराकरण हेल शांतिपूर्ण धरना देंगे। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 03 किरनापुर मे राष्ट्रीय पोषण माह पर हुए विविध कार्यक्रम

दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट। म.प्र. शासन के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग परियोजना किरनापुर के अंतर्गत वाली आगनवाडी केन्द्र क्रमांक 03 किरनापुर में परियोजना अधिकारी अमृत कुजूर की उपस्थिती में राष्ट्रीय पोषण माह का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें ग्राम किरनापुर सरपंच धर्मकला भाई. जे.पी. रामटेके के मार्गदर्शन में सभी महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच में शामिल होने उपस्थित और स्तनपान करने वाली माताओ को परामर्श पोषण से भरपूर बच्चों को पोषण आहार 0 -3 वर्ष के बच्चे हेतु अभिभावक सत्र पौष्टिक खाद पदार्थ का उपयोग करें 1 सेक्टर पर्यवेक्षक मंजुललता बिसेन द्वारा गर्भवस्था से लेकर1000 दिवसो के बारे में विस्तार से बताया। वही 17 सितम्बर हमारे देश के प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिन से प्रारंभ कार्यक्रम राष्ट्रीय पोषण माह जिसका समापन 16 अक्टूबर 2025 को होगा।



हमारे कार्यक्रम की थीम नमक शक्कर तेल कम खाने के बारे मे आगनवाड़ी कार्यकर्ता अलका रामटेके द्वारा बताया गया है। इस कार्यक्रम मे ग्राम के वार्ड 14 की पंच लक्ष्मीकांता चौरीवार, जयमाला रहेकवार पंच की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में उप सरपंच रोशनी उपाध्याय भी उपस्थित हुई थी जिन्होंने पोषण आहार में काफी अच्छी चर्चा कर हमारे कार्यक्रम को गतिप्रदान की। महिला बाल विकास कार्यक्रम में सेक्टर किरनापुर की समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुई है। जिन्होंने अपने नये नये विचारों को महिलाओं के सामने विचार रखा। कार्यक्रम में महिला गौरीकला परते, पूजा जांगड़े, माहेश्वरी रहेकवार ,सुनीता नगपुरे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भायश्री भिमटे एवं सभी महिलाओं की उपस्थिती रही।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के 03 हितग्राहियों को कलेक्टर ने सौंपी फोर व्हील ड्राइव ट्रेक्टर की चाबी

दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा 13 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर में उद्यानिकी विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत बागवानी यंत्रीकरण के लिए 03 हितग्राहियों को अनुदान पर ट्रेक्टर की चाबी सौंपी गई। इनमें लालबर्रा विकासखंड के ग्राम पिपरियॉ की रूखमणी नखाते, टेंगनी के मेघनाथ मारवाड़ी एवं ग्राम घोटी के तिलकराम नखाते शामिल है। इन हितग्राहियों को 20 पीटीओ हॉर्स पावर क्षमता के फोर व्हील ड्राईव ट्रेक्टरों की चाबी सौंपी गई। इस दौरान बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत कृषक उद्यान विभाग में पंजीयन कर ट्रेक्टर एवं पावर ट्रिलर यंत्रो का (प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर) लाभ अर्जित कर सकते हैं।



यह ट्रेक्टर ग्राम पिपरिया की महिला कृषक रूखमणी नखाते को 02 लाख 25 हजार रुपए, टेंगनी के मेघनाथ मारवाड़ी को 01 लाख 80 हजार रुपए तथा ग्राम घोटी के कृषक तिलकराम नखाते को 01 लाख 80 हजार रुपए के अनुदान पर प्रदाय किया गया है। इस अवसर पर उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक क्षितिज करहाड़े, सीपी नारनवरे, अनिल नखाते (तकनीकी शाखा प्रभारी), एचएल मर्सकोले (ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी), श्रीमती कीर्ति नगपुरे ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी लालबर्रा तथा स्टाफ के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।



20 पीटीओ हॉर्स पावर क्षमता का फोर व्हील ड्राईव ट्रेक्टर छोटे आकार का है, लेकिन बड़े काम का है। बड़े ट्रेक्टरो के उपयोग से कृषि की जमीन दब जाती है, लेकिन हल्के वजन के इन ट्रेक्टर से जमीन दबती नही है। जिससे कृषि की भूमि को नुकसान नही होता है। इन ट्रेक्टर में बड़े ट्रेक्टर की तरह जुताई एवं अन्य कार्य के लिए सहायक उपकरण लगाए जा सकते है। आकार में छोटा होने के कारण यह ट्रेक्टर सकरे रास्तों से भी आसानी से गुजर जाता है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण यह ट्रेक्टर किसानों में लोकप्रिय हो रहे है।